RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 रोस्ट शो में शामिल होने को कृशा...

वर्ष : 26 | अंक : 213 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 25 जुलाई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का ऐलान

## प्रदेश में 60244 पदों पर भर्ती के लिए होगी परीक्षा


**लखनऊ ( एजेंसी )।**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा का ऐलान कर दिया गया है। सीधी भर्ती परीक्षा 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त 2024 को आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा का आयोजन प्रतिदिन दो पालियों में होगा और प्रति पाली में लगभग पांच लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण यह पहले हो चुकी यह परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि यह परीक्षा छह माह के अन्दर शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को दृष्टिगत रखते हुये पुनः आयोजित करायी जाएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस परीक्षा को एक निश्चित समय सीमा के अन्तर्गत पारदर्शी तरीके से उच्चतम मानकों के अनुसार आयोजित करने की प्रतिबद्धता के क्रम में यह कार्यकम घोषित किया गया है।

चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराये जाने के सम्बन्ध में परीक्षा सम्बन्धित विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे- परीक्षा की तैयारियों, परीक्षा केन्द्रों के चयन, परीक्षार्थियों का सत्यापन रोके जाने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी किए गये हैं। यह परीक्षा इन सभी मानकों के अनुसार की जा रही है।



### अभ्यर्थी कर सकेंगे निःशुल्क बस यात्रा



परीक्षा का आयोजन प्रतिदिन दो पालियों में होगा और प्रति पाली में लगभग पांच लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की निःशुल्क बस सेवा की सुविधा रहेगी। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार इसका लाभ ले सकते हैं जिसके लिए बस से यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र की अतिरिक्त दो प्रतियां डाउनलोड करनी होंगी तथा उसकी एक प्रति परीक्षा केन्द्र के जनपद तक की यात्रा एवं दूसरी प्रति परीक्षा उपरान्त अपने जनपद तक की यात्रा के लिए बस कंडक्टर को प्रस्तुत करना होगा।

## जीवन रक्षक हैं पेड़-पौधे : डा. महेश शर्मा

### 'कारगिल विजय दिवस' की याद में किया गया पौधारोपण



**नोएडा ( चेतना मंच )।** फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) द्वारा कारगिल दिवस की याद एवं 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के तहत आज पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान ढाई सौ से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए।

गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व लोकसभा आवास समिति के चेयरमैन डा. महेश शर्मा व गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने पौधारोपण किया। इस पर सांसद डा. महेश शर्मा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस की याद में पौधा लगाना गर्व की बात है। जिस तरह सीमा पर तैनात हमारे सैनिक देश की रक्षा करते हैं। उसी तरह पेड़-पौधे हमें एक शुद्ध वातावरण देकर हमारे जीवन की रक्षा करते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका पालन-पोषण बच्चों की तरह करें ताकि आने वाले भविष्य के लिए हम एक शुद्ध और सुरक्षित वातावरण तैयार कर सकें। फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्यों, आरडब्लूए पदाधिकारी तथा नोएडा प्राधिकरण के हॉर्टिकल्चर विभाग के सहयोग से सेक्टर-99 की ग्रीन बेल्ट में ढाई सौ से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गये। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सीएम योगी के विशेष सचिव बने यीडा के एसीईओ विपिन कुमार



**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। योगी सरकार ने 2 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। यमुना विकास प्राधिकरण में तैनात अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आईएएस अधिकारी विपिन कुमार जैन को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष सचिव बनाया गया है। इसके अलावा अपर आयुक्त मुरादाबाद आईएएस अधिकारी बृजेश कुमार को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। बृजेश कुमार 2014 आईएएस बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वर्ष-2016 बैच के आईएएस अधिकारी विपिन कुमार की पत्नी आईएएस अपर्णा गर्ग ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर तैनात हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## फुटपाथ पर सो रहे तीन लोगों को कुचला, दो ने तोड़ा दम

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

थाना बिसरख क्षेत्र के चार मूर्ति चौकी के सामने फुटपाथ पर सो रहे तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल हुए दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरे व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है।

औरैया निवासी श्याम सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 जुलाई की रात्रि को उसका जीजा



पूरन सिंह व उनके दो साथी श्याम, विनोद हाइड्रा चलाने के बाद चार मूर्ति चौकी के सामने रोड किनारे सो रहे थे। देर रात्रि किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल पूरन व विनोद की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में घायल श्याम सिंह को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगाल कर आरोपी वाहन चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## रक्षा मंत्रालय के निदेशक का फोन हुआ चोरी, एकाउंट से लाखों उड़े

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-135 में निवास करने वाले मिनिस्ट्री आफ डिफेंस में डायरेक्टर का फोन चोरी कर उनके बैंक खाते में सेंध लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी का फोन चोरी होने के बाद नोएडा पुलिस भी सतर्क हो गई है।

सेक्टर-135 के डुप्लेक्स विला में रहने वाले कर्नल आशीष कुमार द्विवेदी मिनिस्ट्री आफ डिफेंस, सेवा भवन में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 6 जुलाई की रात को वाजिदपुर चौराहे की सब्जी मंडी में किसी व्यक्ति ने उनकी जेब से फोन



निकाल लिया। फोन चोरी होने पर उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। उन्होंने 7 जुलाई को थाना एक्सप्रेसवे में अपने फोन की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद उन्होंने अट्टा मार्केट में जाकर नए फोन और पुराने नंबर का नया सिम खरीदा। 24 घंटे बाद उनका सिम एक्टिवेट हुआ। सिम एक्टिवेट होते ही उन्होंने सबसे पहले बैंक के (शेष पृष्ठ-3 पर)

## क्राइम फाईल

### मोबाइल टॉवर से उड़ाये कीमती उपकरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चोरों ने दो मोबाइल टॉवर से आरआरयू व कीमती उपकरण चोरी कर लिये।

थाना फेस-2 क्षेत्र में प्रदीप कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह शिवम इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी का काम इंडस मोबाइल टॉवरों की देखरेख का है। 3 अप्रैल को पता चला कि सेक्टर 93 एटीएस बिल्डिंग के सामने ग्रीन बेल्ट में लगे टावर के सिग्नल डाउन आ रहे हैं। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि टॉवर से एक आर आर यू उपकरण चोरी हो गया है।

वहीं थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के सेक्टर-128 स्थित ग्राम सहसपुर में गुरप्रीत के मकान की छत पर लगे एयरटेल मोबाइल कंपनी के टावर से आरआरयू व अन्य सहायक कीमती उपकरण चोरी हो गए। इस संबंध में एस जी इनकॉन प्राइवेट लिमिटेड के टेक्नीशियन राहुल शर्मा ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### चोरी की बाइक बेचने की फिराक में थे बदमाश पुलिस ने दबोचा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 पुलिस ने दो वाहन चोरों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक बाल अपचारी भी शामिल है। इनके पास से चोरी की दो बाइक बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी चोरी की बाईकों को बेचने की फिराक में थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर-121 स्थित शनि मंदिर के पास संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि दो बदमाश चोरी की बाइक को बेचने के लिए गढ़ी चौखंडी गांव की तरफ जाने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने गढ़ी गोल चक्कर पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। मुखबिर के इशारे पर पुलिस ने दो बाइकों पर आ रहे युवकों को जांच के लिए रोका। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### यूपीएसआईडीसी कालोनी में फ्लैट का ताला तोड़ा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर दो मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर लाखों रुपए के जेवरात, नगदी व कीमती सामान को चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना सूरजपुर क्षेत्र के यूपीएसआईडीसी की आवासीय कॉलोनी में रहने वाले अभिषेक कुमार जौहरी ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह किसी काम से बाहर गए हुए थे। 22 जुलाई को जब वह वापस घर लौटे तो उनके मकान का ताला टूटा हुआ था। घर के भीतर जाने पर पता चला कि चोर उनके घर से दो एलइडी टीवी, चांदी के पूजा के बर्तन, दो सिलेंडर, पीतल की मूर्तियां, मोबाइल फोन तथा अलमारी का लॉकर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मोबाइल टॉवरों से उपकरण चुराने वाला गिरोह पकड़ा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 पुलिस में मोबाइल टावरों से चोरी किए गए सप्लाई कार्ड उपकरण के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी चोरी के समान को बेचने के लिए दिल्ली जा रहे थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि इको कार में कुछ चोर चोरी के समान के साथ आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने सेक्टर-71 डंपिंग ग्राउंड की सर्विस रोड पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान इको कार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर चालक हड़बड़ा गया और गाड़ी बंद हो गई। इसके बाद पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें से मोबाइल टॉवर के सप्लाई कार्ड व अन्य सामान बरामद हुआ। कार सवार युवकों ने अपने नाम सरफराज उर्फ नेता, मोनिश व संदीप बताए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह अपने दो अन्य साथी शाहनवाज और नदी निवासी मेरठ (शेष पृष्ठ-3 पर)

## माता-पिता को किया आखिरी प्रणाम पत्नी से कहा दूसरी शादी कर लेना

### आईटी कंपनी के कर्मचारी ने की आत्महत्या

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा की आई टी कंपनी में कार्यरत युवक ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने एक सुसाइड नोट लिखा। जिसमें उसने अपने माता-पिता को आखिरी प्रणाम करते हुए कहा कि वह इस जन्म में उनके लिए कुछ नहीं कर पाया। वहीं उसने अपनी पत्नी से इंश्योरेंस के पैसे मिलने के बाद दूसरी शादी करने की बात सुसाइड नोट में लिखी है।



मूल रूप से पटना बिहार निवासी राजा कुमार पुत्र बल्लू सिंह नोएडा की एक आईटी कंपनी में कार्यरत था। वह वाजिदपुर गांव में किराए पर रह रहा था। राजा कुमार ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। उसे फांसी के फंदे पर लटका देखकर मकान मालिक ने इसकी सूचना थाना एक्सप्रेसवे पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें राजा कुमार ने किसी को भी आत्महत्या के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया है। राजा कुमार ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गाड़ी का शीशा तोड़ टैब उड़ाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-8 में चोरों ने एक गाड़ी का शीशा तोड़कर सैमसंग गैलेक्सी टैब चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सेक्टर-28 अरुण विहार में रहने वाले



मनीष गुप्ता ने बताया कि वह 1 जून को अपने कर से सेक्टर 8 किसी काम से गए थे। उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे खड़ी कर दी और परिचित से मिलने चले गए कुछ देर बाद जब वापस लौटे तो उन्हें कार का शीशा टूटा हुआ मिला। चोरों ने उनकी कार में रखा बैग चोरी कर लिया। बैग में सैमसंग गैलेक्सी टैब व कुछ दस्तावेज रखे हुए थे।

## स्टंट दिखा रहे कार चालक पर एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में वाजिदपुर टी पॉइंट के पास खतरनाक तरीके से स्टंट कर लोगों की जान जोखिम में डालने वाले कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाने के उप निरीक्षक ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उपनिरीक्षक अंजुल कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि सेक्टर-135 स्थित वाजिदपुर टी पॉइंट के पास कार चालक खतरनाक तरीके से स्टंट कर रहा था उसके इस कृत्य से आने जाने वाले लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।




## बाइक को मार रहे थे धक्का, निकले चोर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है उनके पास से चोरी की बाइक व दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान कंचनजंगा मार्केट के पास सर्विस रोड पर दो व्यक्ति स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को पैदल लेकर आते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों हड़बड़ा गए और बाइक को सड़क पर गिराकर भगाने का प्रयास करने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्तियों ने अपने नाम दीपक पुत्र दशरथ व सचिन पटेल पुत्र मोती पटेल निवासी ग्राम गिझोड़ बताया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा




फ़ोन .08750611103

## फार्च्यूनर और 50 लाख के लिए ससुरालियों ने बहु पर ढ़ाये जुल्म

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि दहेज में फॉर्च्यूनर कार ना मिलने पर ससुरालवालों ने उसकी बेटी को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया है।

प्रताप विहार कॉलोनी दादरी निवासी मनोज भाटी (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी वर्ष 2021 में ग्राम टीला शाहबाजपुर थाना लोनी जनपद गाजियाबाद निवासी शैलेश के साथ की थी। शादी में उन्होंने शैलेश व उसके परिवार की मांग के अनुसार लगभग 60 लाख रुपए खर्च किए थे। इसके बावजूद भी उसकी बेटी के ससुराल वाले उससे संतुष्ट नहीं थे। शैलेश, उसके पिता अशोक, ताऊ अजय, फूफा रविंद्र सिंह, सास कविता, ननद



गार्गी, यशिका व बुआ सीमा कम दहेज लाने के लिए अक्सर उसकी बेटी को ताने मारती थी। शादी के कुछ समय बाद ही उनकी बेटी पर मायके से फॉर्च्यूनर कार लाने का दवाब डाला जाने लगा। उनकी बेटी ने जब ससुराल में हो रहे अत्याचारों के बारे में बताया तो उन्होंने कई बार रिश्तेदारों व संभ्रांत लोगों के साथ ससुराल वालों से बात की। लेकिन वह अपनी जिद पर अड़े रहे।

मनोज भाटी के मुताबिक अपनी बेटी की खुशी के लिए उन्होंने ससुराल वालों की बात मानकर शैलेश के फूफा रविंद्र सिंह के बैंक खाते में 25 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बावजूद भी शैलेश व उसके परिजन फॉर्च्यूनर कार के लिए दबाव डालते रहे। उसकी बेटी ने जब मांग पूरी होने से इनकार किया तो वर्ष 2023 के अगस्त माह में उसे उत्पीड़ित कर घर से निकाल दिया गया। शैलेश व उसके परिजनों ने कहा कि जब तक दहेज में फॉर्च्यूनर कार या 50 लाख रुपए नहीं मिलेंगे तब तक वह उसे घर में घुसने नहीं देंगे। मनोज भाटी के मुताबिक 6 मई को उनका दामाद शैलेश, उसके पिता अशोक व अजय उनके घर आए और एक बार फिर अपनी दहेज की मांग को पूरा करने के लिए कहा। उनके द्वारा असमर्थता जताने पर वह उनकी बेटी को ससुराल नहीं लेकर गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## राजनीतिक पाप

अमूमन केंद्रीय बजट की धाक पर राज्य की मिन्नतें या डबल इंजन सरकार के चरित्र में नए पोशाक की अभिलाषा रहती है, लेकिन हिमाचल ने फिर राजनीतिक पाप कर लिए। कम से कम यह तो महसूस नहीं हुआ कि हिमाचल ने अपने चारों सांसदों को केंद्र की गठबंधन सरकार को सौंप दिया है। बजट की सारी शेखियां और उम्मीदें गठबंधन धर्म में शरीक होकर आंध्र और बिहार की तश्तरियों में जो परोस रही हैं, वह कहां सामान्य तौर पर हमें मिलेगा। अचानक आंध्र प्रदेश पुनर्गठन एक्ट की धाराओं ने शहद में भीगना सीख लिया, जबकि पंजाब पुनर्गठन के कानूनी अधिकार आज भी हिमाचल की अर्थव्यवस्था को गौण कर रहे हैं। बजट पूर्व मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा और मुलाकातों के केंद्रबिंदु में रखे गए सारे तर्क पुनः पस्त हो गए। वहां हिमाचल का पानी, हिमाचल की जवानी नहीं, बल्कि पर्यावरण व देश के प्रति वफादारी भी पूरी तरह नजरअंदाज हुई है। यह दीगर है कि कहने को हिमाचल का नाम बजट की आपदा में लिपट कर आ गया, जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आश्वासन दिया कि पिछले नुक्सान के नए मजमून दुरुस्त होंगे। सहायता के आश्वासन और भी ढूंढे जा सकते हैं, जहां केंद्रीय योजनाओं में आबंटन होगा। मसलन कृषि, जनजातीय गांव, वैकल्पिक ऊर्जा, आवासीय व्यवस्था और सौ साप्ताहिक हाट में कुछ तो रहा होगा, लेकिन केंद्रीय आश्वासन में पर्यटन जैसा क्षेत्र हिमाचल के लिए खामोश है। जाहिर है गठबंधन के प्रेम में बिहार का पर्यटन जीत रहा है, वरना कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार की फाइल पर केंद्र सरकार का हाथ दिखाई देता। सरकार इस परियोजना के भू-अधिग्रहण के लिए केंद्र से 3500 करोड़ की फरियाद कर रही है, लेकिन खामोशियां अटूट बाधाएं बनकर तनी हैं। पर्वतीय राज्यों की आर्थिक विडंबनाओं तथा अति वन भूमि के अनुपयोगी आवरण के कारण जो आवश्यक, उदार व वांछित सहायता मिलती रही है, उस पर अब वित्तायोग की कुंडलियां सख्त होती जा रही हैं। नतीजतन हिमाचल पर कर्ज बोझ का भयावह आंकड़ा एक लाख करोड़ छूने को आतुर है। प्रदेश हरित राज्य बनने की कोशिश में पिछले एक साल से प्रयासरत है, लेकिन केंद्र के मोहल्ले में हमारे ये कदम पहुंच नहीं पा रहे। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद तथा चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए सस्ती दरों पर ऋण या पर्यावरणीय सुरक्षा के एवज में ग्रांट मिलती तो राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल की आपत्तियों का समाधान भी निकल आता। प्रदेश सौर ऊर्जा के बड़े प्लांट व रूफटॉप सोलर एनर्जी के विकल्प में आगे बढ़ना चाहता है, लेकिन यह हसरत केंद्र की मदद से ही पूरी होगी। जगत प्रकाश नड्डा के विभाग और अनुराग ठाकुर के प्रचार से निकली कई महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं की राह पर अभी अंधेरा ही दिखाई दे रहा है। खास तौर पर ऊना-हमीरपुर रेल परियोजना के ढोलक अब तक के तमाम बजटों की तरह, इस बार भी उदास हैं। दरअसल राष्ट्रीय स्तर पर पर्वतीय राज्यों की भौगोलिक व आर्थिक स्थिति का सही-सही मूल्यांकन करने के लिए एक स्वतंत्र पर्वतीय विकास मंत्रालय की आवश्यकता के पैरोकार ही पैदा नहीं हुए और हम सियासत के किनारे बनकर भी डूबते रहे भ्रम के समुद्र में। कहने को प्रधानमंत्रियों के साथ हमारे दिल के रिश्ते रहे हैं, लेकिन केवल एक बार औद्योगिक पैकेज के अदाकार अटल बिहारी वाजपेयी के अलावा कभी सपने साकार नहीं हुए। एक अदद कनेक्टिविटी या पर्यटन पैकेज से हिमाचल अपने आर्थिक जख्म ठीक कर सकता था, लेकिन इस बार तो कहने को भी कोई आशा नहीं। यह दीगर है कि मध्यमवर्गीय हिमाचल आयकर के नए फार्मूले में कोई सुकून ढूंढ ले या इंटर्नशिप के लिफाफे को देखकर पढ़ा-लिखा बेरोजगार लाभार्थी बन जाए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ( केवल कलियुग की ही बात नहीं है, ) चारों युगों में, तीनों काल में और तीनों लोकों में नाम को जपकर जीव शोकरहित हुए हैं। वेद, पुराण और संतों का मत यही है कि समस्त पुण्यों का फल श्री रामजी में ( या राम नाम में ) प्रेम होना है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**ध्यानु प्रथम जुग मख बिधि दूजें। द्वापर परितोषत प्रभु पूजें॥**
**कलि केवल मल मूल मलीना। पाप पयोनिधि जन मन मीना॥**

पहले (सत्य) युग में ध्यान से, दूसरे (त्रेता) युग में यज्ञ से और द्वापर में पूजन से भगवान प्रसन्न होते हैं, परन्तु कलियुग केवल पाप की जड़ और मलिन है, इसमें मनुष्यों का मन पाप रूपी समुद्र में मछली बना हुआ है (अर्थात पाप से कभी अलग होना ही नहीं चाहता, इससे ध्यान, यज्ञ और पूजन नहीं बन सकते)॥

**नाम कामतरु काल कराला। सुमिरत समन सकल जग जाला॥**
**राम नाम कलि अभिमत दाता। हित परलोक लोक पितु माता॥**

ऐसे कराल (कलियुग के) काल में तो नाम ही कल्पवृक्ष है, जो स्मरण करते ही संसार के सब जंजालों को नाश कर देने वाला है। कलियुग में यह राम नाम मनोवांछित फल देने वाला है, परलोक का परम हितैषी और इस लोक का माता-पिता है (अर्थात परलोक में भगवान का परमधाम देता है और इस लोक में माता-पिता के समान सब प्रकार से पालन और रक्षण करता है।)॥

**नहिं कलि करम न भगति बिबेकू। राम नाम अवलंबन एकू॥**
**कालनेमि कलि कपट निधानू। नाम सुमति समरथ हनुमानू॥**

कलियुग में न कर्म है, न भक्ति है और न ज्ञान ही है, राम नाम ही एक आधार है। कपट की खान कलियुग रूपी कालनेमि के (मारने के) लिए राम नाम ही बुद्धिमान और समर्थ श्री हनुमानजी हैं॥

(क्रमशः..)

# गठबंधन धर्म निभाते हुए अमृतकाल के संजोए सपने

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जब 23 जुलाई मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया तो किसी को अमृतकाल और विकसित भारत की आहट मिली, तो किसी को वही रटी रटाई पश्चाताप जो पिछले 10 सालों से होती आई है और अगले 15 सालों तक रहने वाली है, यदि इस बीच गठबंधन की गांठ नहीं खुली तो। भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बजट को अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट बताया और कहा कि यह अगले पांच साल के लिए हमारी दिशा तय करने के साथ ही 2047 तक विकसित भारत की आधारशिला रखेगा। लेकिन उनकी बातों में, बजट अभिभाषण में, और बजट प्रस्तावों में मीन मेख निकालने वाले नेताओं की कमी नहीं दिखी।

बावजूद इसके केंद्रीय बजट 2024 एक संतुलित बजट है, क्योंकि इसमें महिलाओं, युवाओं, गरीबों, किसानों के हित को सामने रखकर विभिन्न आवश्यक व लोकहितकारी घोषणाएं की गई हैं। देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी के अमृत काल वाले विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता को दोहराता हुआ बजट है। जिससे पूरी उम्मीद है कि यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के मिशन को पूरा करेगा। वहीं, इस केंद्रीय बजट में क्षेत्रीय असंतुलन को संतुलन में लाने की कोशिश की गई है, जो आगे भी जारी रखी जायेगी, ऐसे संकेत मिले हैं। क्योंकि देश के कुछ पिछड़े क्षेत्र हैं जिन्हें पिछली सरकारों ने नजरअंदाज किया है, इसलिए विकास की गंगा वहां तक पहुंचाना समावेशी विकास की सबसे बड़ी जरूरत है।

शायद इसी नजरिए से बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए की गई विभिन्न घोषणाओं से पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इस लिहाज से बजट में 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया है।

केंद्रीय बजट में एक तरफ आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ रुपए और आगामी वर्षों में अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था की घोषणा की गई, जो अच्छी बात है। तो दूसरी तरफ बिहार को 26 हजार करोड़ रुपये देने का ऐलान किया गया है। ऐसा करके वित्त मंत्री ने अपने दोनों गठबंधन साथियों टीडीपी और जदयू को साधने की पहल की है, जो समझदारी भरा कदम है। इन दोनों राज्यों के आर्थिक हितों का ख्याल रखने से एनडीए सरकार पांच सालों तक चलती रहेगी और आगे के भी चुनावों में उम्दा प्रदर्शन करती रहेगी।

इस आम बजट को युवाओं और महिलाओं के सपनों का बजट भी करार दिया गया है। क्योंकि इनके दृष्टिगत कौशल विकास और रोजगार सृजन की जो घोषणाएं हुई हैं, वह ऐतिहासिक हैं। इस प्रकार इस बजट में पीएम मोदी का विकसित भारत का सपना पूरी तरह से झलकता है। वहीं, अगर विपक्ष ने इस बजट की आलोचना की है तो इसका मतलब यह भी लगाया जा रहा है कि बजट अच्छा है, क्योंकि आलोचना करना तो उनका विपक्ष धर्म है। जिसका निर्वहन करने के लिए भी यह सरकार पूरे मौके देती है।

इस बारे में एक तरफ सत्ताधारी टीडीपी कहती है कि वाईएसआर कांग्रेस के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी दिल्ली जाकर राज्य की छवि को खराब करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के विकास और कल्याण को लेकर वित्तीय सहायता के लिए दो





बार दिल्ली गए और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए 15000 करोड़ का विशेष पैकेज लेकर आए। वहीं दूसरी तरफ विपक्षी इंडिया गठबंधन की राजद सांसद और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी

**इस आम बजट को युवाओं और महिलाओं के सपनों का बजट भी करार दिया गया है। क्योंकि इनके दृष्टिगत कौशल विकास और रोजगार सृजन की जो घोषणाएं हुई हैं, वह ऐतिहासिक हैं। इस प्रकार इस बजट में पीएम मोदी का विकसित भारत का सपना पूरी तरह से झलकता है।**

कहती हैं कि राज्य में हत्या और चोरी हो रही है। मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिल रही है। युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही और किसानों की समस्या अभी भी जस की तस बरकरार है। ऐसे में बिहार को 26 हजार करोड़ रुपये आवंटित करना बिहार को झुनझुना देने के बराबर है।

सच कहूं तो पंजाब से लेकर महाराष्ट्र तक केंद्रीय बजट 2024 की आलोचना हो रही है। जहां पंजाब के संसद सदस्यों ने केंद्रीय बजट में धन आवंटन के मामले में उनके राज्य को अनदेखा करने का आरोप लगाया और विरोध प्रदर्शन तक किया। वहीं, महाराष्ट्र के महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने भी ताजा बजट में उनके राज्य की उपेक्षा करने का आरोप मढ़ते हुए संसद के बाहर प्रदर्शन तक किया। जबकि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई को देश की आर्थिक राजधानी कहलाने का गौरव प्राप्त है। बजट में महाराष्ट्र को नजरअंदाज करना भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में भारी पड़ सकती है, क्योंकि यहां की जनता ही असली सबक सिखाएगी।

विपक्ष की इस राय में दम है कि पिछले दस वर्षों से मोदी सरकार से कोई उम्मीद नहीं है। क्योंकि हम सिर्फ नारे सुनते रहते हैं। आज के बजट में भी जुमले ही अधिक रहे। लिहाजा, इस सरकार से कोई उम्मीद नहीं है। न तो उन्हें सरकार चलाने आता है और न ही उन्हें लोगों के दर्द से कोई मतलब है।

मौजूदा केंद्रीय बजट पर उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल के नेताओं ने जिस तरह से नाखुशी दिखाई है, उस तरह से वैकल्पिक सुझाव नहीं दिए कि इसके बदलते क्या किया जाना चाहिए। यूपी की समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने ठीक ही कहा कि सरकार बचानी है तो अच्छी बात है कि बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है। लेकिन टीम मोदी ने जो पिछले 10 वर्षों में बेरोजगारी बढ़ा दी है, उसके दृष्टिगत किये गए कोई ठोस उपाय नजर रही आते। इस बजट में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी मोटा आवंटन होना चाहिए था, लेकिन बजट में कुछ भी नहीं किया गया है। किचन का ध्यान तक नहीं रखा गया है, क्योंकि सरकार मंहगाई के बारे में कोई कदम नहीं उठाना चाह रही है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दो टूक कहा कि, अगर मुख्य बातें सामने आ गईं तो सरकार की पोल खुल जाएगी। क्योंकि सरकार गलत है और दिखावा कर रही है। इस बजट में कुछ भी नहीं है और यह केवल गुमराह करने वाला है।

सीधा सवाल है कि उनको मुख्य बातें सामने लाने से रोक कौन रहा है। यदि कुछ होगा, तब तो लाएंगे। उनके लाने का इंतजार रहेगा, ताकि सरकार की पोल पट्टी खुले, यदि कुछ अंदरखाने चल रहा हो तो। मोदी सरकार का पुराना इतिहास बताता है कि ये 2 करोड़ रोज़गार के वादे के साथ सत्ता में आई थी। लेकिन अब 10 साल बीत जाने के बाद चार करोड़ रोजगार पैदा करने की बात करती दिखाई पड़ी, जिसे लोग दोगुना झूठ समझते हैं। उनका तंज है, डबल इंजन की नरेंद्र मोदी की सरकार यानी डबल झूठ। इसका आशय स्पष्ट है कि यह कुर्सी बचाओ बजट है। जब पिछले दस वर्षों में बेरोजगारी दूर नहीं हुई तो अब कोई नई उम्मीद कैसे बांधी जा सकती है। हमलोग इस बारे में सिर्फ नारे सुनते रहे और आज भी बजट के जुमले ही ज्यादा मिले। लिहाजा, इस सरकार से किसी को कोई उम्मीद नहीं है। क्योंकि न तो उन्हें सरकार चलाने आता है और न ही उन्हें लोगों के दु:ख-दर्द से कोई मतलब है। वे बजट बहुत कुछ बोलती हैं, लेकिन किसानों के लिए उन्होंने क्या किया? किसानों के लिए तीन कानून लाए गए, जिसे पूर्णतया वापस लेना चाहिए। इसका स्वरूप बदलकर कभी भी उसपर अमल नहीं किया जाना चाहिए।

इस बजट को जबरदस्त चालाकी भरा बजट भी करार दिया जा सकता है क्योंकि इसमें आम आदमी के सामने आने वाले मुद्दों के बारे में कुछ खास नहीं कहा गया। खासकर मनरेगा का कोई जिक्र नहीं किया गया। वहीं, आम व्यक्ति की आय में सुधार के लिए उठाए गए कदम भी अपर्याप्त हैं। जब बात गंभीर आय असमानता की आती है तो सरकार की ओर से इसे दूर करने वाले प्रयास भी बहुत कम देखने को मिलते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

कुल मिलाकर यह बजट कांग्रेस के घोषणापत्र का कॉपी है। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण चीज युवा निधि योजना है। इसके तहत सरकार ने अप्रेंटिसशिप प्राप्त करने वाले प्रत्येक युवा को 5000 रुपये देने की घोषणा की है। इससे यह साबित होता है कि मोदी सरकार राहुल गांधी के विचारों को कॉपी कर रही है। यह खुशी की बात है। हालांकि, इस सरकार ने आंध्र प्रदेश व बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने से इनकार कर दिया गया और दोनों राज्यों को विशेष पैकेज का लॉलीपॉप थमा दिया।

इसलिए सियासी गलियारे में यह सवाल उठ रहा है कि, क्या निर्मला सीतारमण ने सिर्फ बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए बजट पेश किया। या फिर यह महज बैसाखी के सहारे खड़ा रखने वाला बजट है। दरअसल, भाजपा नीत एनडीए सरकार को मालूम है कि अगर बजट बिहार और आंध्र प्रदेश के पक्ष में नहीं होता तो उनकी सरकार गिर जाती। लिहाजा, निर्मला सीतारमण ने भारत नहीं बल्कि एनडीए को फायदा पहुंचाने वाला बजट पेश किया है। **- कमलेश पांडेय**

**वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार**

## आइए वृक्षारोपण ज़रूर करें (व्यंग्य)

वृक्षारोपण के दिनों में जब तक वटवृक्ष किस्म का नेता पौधा न रोपे तब तक समारोह में हरियाली नहीं उगती। हरे और पीले पत्तों वाला, लगभग पांच फुट ऊंचा पौधा रोपना छोटी बात नहीं है। इतने लंबे पौधे को मुख्य अतिथि अकेले कहां रोप सकते हैं तभी उनके साथ नेता, अफसर, प्रधान और पार्टी कार्यकर्ता वगैरा भी होते हैं जो मिलकर वृक्ष जैसे लगते पौधे को पकड़ कर लगवा सकें। अखबार में छपी फोटो से तो ऐसा ही लगता है।

इस अवसर पर काफी लोग आए थे। कुछ आम लोग तो लोकप्रिय मुख्यअतिथि के साथ सेल्फी लेने आए थे ताकि जल्दी से जल्दी अपलोड़ कर सकें। सिर्फ बीस मिनट की बारिश सह सकने वाली सड़कें बनाने के लिए प्रसिद्ध, ठेकेदारजी नेता बनकर आज मुख्य अतिथि बनकर आए थे। उन्होंने आम लोगों को राज़ की यह बात बताई कि जलवायु संकट रोकने के लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत ज़रूरी है। दूसरे गणमान्य ने अपने भाषण में कहा कि मां प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है। उन्होंने पर्यावरण को ही वातावरण बता दिया लेकिन किसी को पता नहीं चला। एक और तेज़ तर्रार वक्ता ने कहा, हमने प्रतिज्ञा लेनी चाहिए कि प्राकृतिक धरोहर और विरासत को सुरक्षित कर भावी पीढी को स्वच्छ पर्यावरण देकर रहेंगे। प्रतिज्ञा मुश्किल और असंभव थी इसलिए कोई तैयार नहीं हुआ।



एक और स्थानीय समझदार सामाजिक नेता द्वारा ग्लोबल वार्मिंग और पिघलते गलेशियर बारे उच्च कोटि की असली चिंता प्रकट की गई। पौधा लगाने के बाद उन्होंने युवाओं से कहा कि पर्यावरण और पेड़ पौधों से प्रेम करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण बहुत ज़रूरी है। जब कुछ पत्रकार उनकी फोटो खींच रहे थे तो बोले, केवल फोटो खिंचवाने और खबर छपवाने के लिए या सोशल मिडिया पर आने के लिए पौधे न लगाएं।

कार्यक्रम के बाद उन्होंने ही अपने पत्रकार मित्र से कहा कि आजकल वृक्षारोपण की ख़बरों की भीड़ है लेकिन उनकी फोटो और खबर ज़रूर लगवा दें। पेंशनर संघ के सचिव ने भी पौधा लगाया और अपने वक्तव्य में सरकार से पुराने फार्मूले के हिसाब से पेंशन दिए जाने की मांग भी रख दी ताकि कवरेज मिल जाए।

वन विभाग के अधिकारी ने सूचित किया कि दस लाख पौधों की जिओ टैगिंग की जाएगी ताकि पौधों की निगरानी करते हुए देखभाल की जा सके। एक खास राजनीतिक आवाज़ कह रही थी कि एक एक पौधे की निगरानी की व्यवस्था करेंगे। इत्तफाक की बात, शहर के पड़ोस में उसी दिन एक बड़ी भवन निर्माण कम्पनी की नई आवास योजना का उदघाटन था जिसमें वृक्षारोपण समारोह के उन्हीं पर्यावरण रक्षक मुख्यअतिथि ने उदघाटन करने जाना था। वहां जाकर कहना था, आइए यहां भी वृक्षारोपण ज़रूर करें।

**-संतोष उत्सुक**

## राशिफल

**आषाढ़ शुक्ल पक्ष : चतुर्थी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मानसिक दबाव बना रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। भ्रामक समाचार की प्राप्ति होगी। आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
कोर्ट-कचहरी में हार का सामना करना पड़ सकता है या असमंजस की स्थिति रहेगी। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
अपमानित होने का भय रहेगा। भाग्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कार्यों में विघ्न-बाधा के साथ आगे बढ़ेंगे। प्रेम-संतान अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें। कोई रिस्क न लें। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य व साथ पर ध्यान दें। किसी भी छोटी बात को बड़ी न बनाएं वरना ये ज्यादा बड़ी हो जाएगी।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
विरोधी परास्त होंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें। मानसिक स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। प्रेम-संतान मध्यम। व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
घरेलू सुख बाधित होगा। घर की समस्याएं बढ़ सकती हैं। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
पराक्रम तो बढ़ा रहेगा लेकिन परिणाम थोड़ा कम आएगा। व्यापार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नाक-कान व गला की परेशानी हो सकती है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
धन हानि के संकेत हैं। निवेश करने से बचें। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। बाकी प्रेम-संतान, व्यापार ठीक है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। शक्ति या एनर्जी में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। घबराहट, मानसिक बेचैनी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
खर्च की अधिकता रहेगी। मानसिक परेशानी बनी रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान मध्यम, व्यापार मध्यम।

# आम बजट से आयेगी नई क्रान्ति



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता **अजय प्रधान** ने कहा कि लोकसभा में पेश किए गए आम बजट से देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट सराहनीय एवं स्वागत की योग्य है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जानबूझकर बजट को लेकर हायतौबा मचाए हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेता **डॉक्टर दीपक कुशवाहा** ने भी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह बजट हर क्षेत्र में क्रांति लाने का काम करेगा।

इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं उत्तर प्रदेश बंजारा महासभा के **प्रदेश उपाध्यक्ष ताराचंद नायक** ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की बजट से हमेशा देश प्रगति की ओर जाता है और जो बजट लोकसभा में पेश किया गया है। वह भारत को समृद्ध बनाने का काम करेगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल में जिस तरह से भारत को समृद्ध बनाने का अभियान छेड़ा है। उसमें यह बजट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी **कर्मवीर आर्य** ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसी तरह से हमारा देश निरंतर आगे बढ़ता रहे इसी को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बजट पेश किया है।

# किसान सभा ने सड़क का कराया सर्वे



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** वेस्ट और लाइन पार के गांवो के लोगों की दशकों पुरानी मांग को लेकर किसान सभा ने अपने धरने के दौरान 130 मीटर सड़क से लेकर बादलपुर होते हुए ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाली 60 मी सड़क के निर्माण के मुद्दे को उठाया था, उसी क्रम में आज फिर से किसान सभा के जिला महासचिव जगबीर नंबरदार ने प्राधिकरण के अधिकारियों को बुलाकर सड़क के निर्माण में तेजी लाने के लिए मौका मुआयना कराया,प्राधिकरण के अधिकारियों के सम्मुख उन्होंने सुझाव भी रखा की सादोपुर और बादलपुर गांव की जमीन 15 वर्ष पूर्व प्राधिकरण ने खरीदी हुई है अगर यह सड़क अच्छेजा गांव के बजाय इन दोनों गांव के रखबो से होकर निकले जो कि प्राधिकरण की अपनी जमीन है तो सहूलियत के हिसाब से सड़क का निर्माण जल्द होगा और प्राधिकरण को किसानों के विरोध का सामना भी नहीं करना पड़ेगा, उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की अगर मनसा इस क्षेत्र के आम जनमानस को यातायात सुलभ कराने की है तो वह धरातल पर कार्य कर जल्द से जल्द सड़क निर्माण करें, प्राधिकरण जितनी देर इस सड़क के निर्माण की शुरुवात करेगा उसके सम्मुख उतनी ही अड़चनें समय के साथ बढ़ती रहेंगी।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने कहा कि सुगम यातायात उपलब्ध कराना प्राधिकरण का दायित्व है और अच्छी सड़कों का फायदा प्राधिकरण को स्वयं भी पहुंचता है,अगर अच्छी सड़के प्राधिकरण उपलब्ध कराएगा तो इस क्षेत्र में निवेशकों की संख्या बढ़ेगी, हम उम्मीद करते है कि प्राधिकरण जनता की इस समस्या को गंभीरता से लेकर इस सड़क के साथ-साथ तिलपता बाईपास व बोडाकी होते हुए जी टी रोड को जोड़ने वाली सड़क का कार्य भी जल्द से जल्द पूरा करेगा।

इस मौके पर रोहित मत्ते गुर्जर, सुरेंद्र पंडित, रोहताश बैसोया, अरुण बैसोया, पप्पू प्रधान, महाराज सिंह नागर, अजय प्रधान,ओमकार नागर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# किसान सभा ने सांसद को खिला पत्र

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अखिल भारतीय किसान सभा ने कल सांसद महेश शर्मा को ईमेल के माध्यम से एक पत्र भेजा है। जिसमें किसान सभा ने राष्ट्रीय स्तर पर 1 साल तक चले आंदोलन के मुद्दों को लागू करने साथ ही यह बात भी अवगत कराई है कि केंद्र सरकार द्वारा केंद्र सरकार द्वारा किसानों के मुद्दों की उपेक्षा लोकसभा में सत्ताधारी पार्टी को अल्पमत के रूप में भारी पड़ी है। इसलिए एनडीए को किसानों ने की समस्याओं को हल करना ही पड़ेगा। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर रुपेश वर्मा ने कहा कि किसान आंदोलन के मुद्दे अभी भी लंबित हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर भी और स्थानीय स्तर पर भी किसान सभा राष्ट्रीय स्तर एवं स्थानीय स्तर दोनों जगह किसानों के मुद्दों को लेकर दृढ़ संकल्प के साथ लगी हुई है।

स्थानीय सांसद को संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय परिषद के फैसले के अनुसार ज्ञापन प्रेषित कर मांग की गई है कि वह किसानों के संबंध में किसानों की मांगों के बारे में संसद में सरकार के स्तर पर आवाज बुलंद करें गौतम बुद्ध नगर के अधिग्रहण प्रभावित किसानों की समस्याओं के हल के लिए सक्रिय हो।



# वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जा

**ग्रेटर नोएडा।** कस्बा दनकौर में वक्फ बोर्ड की जमीन पर कुछ भूमाफियाओं द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है जिसमें दिन रात कार्य किया जा रहा है। बोर्ड अपनी ही जमीन को नहीं बचा पा रहा है। बताया गया है कि उक्त जमीन पर कब्जा कर उस पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन के अधिकारी भू-माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने से बच रहे हैं।

डूब क्षेत्र में बिजली चोरी का मामला

# सरकार को करोड़ो का लग रहा चूना

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कुलेसरा गांव के डूब क्षेत्र में कई वर्षों से हजारों की संख्या में अवैध विद्युत कनेक्शन किसके इशारे एवं सहपर चल रहे हैं। इस बारे में एनपीसीएल के आला अफसर बोलने को तैयार नहीं है। नियामक आयोग की बैठक में भी यह मुद्दा छाया रहा लेकिन अधिकारी इसका जवाब देने से बचते रहे हर महीने करोड़ों रुपए की हो रही बिजली चोरी पर आखिर एनपीसीएल के आला अफसर क्यों चुप है यह समझ से परे है।

- **एनपीसीएल अफसर नहीं देते जबाब**

NPCL
NOIDA POWER COMPANY LIMITED

बताते चलें कि कुलेसरा के डूब क्षेत्र में प्रशासन एवं प्राधिकरण ने विद्युत कनेक्शन पर पूरी तरह से रोक लगा रखा है। लेकिन उसके बावजूद भी कुछ बिजली माफिया एनपीसीएल अधिकारियों से सांठगाठ कर अवैध रूप से बिजली की आपूर्ति डूब क्षेत्र में हो रही हैं। कई बार एनपीसीएल के अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया।

लेकिन वह उपलब्ध नहीं हो पाए एक तरफ प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा विद्युत विभाग को चुस्त, दुरूस्त करने में लगे हैं। वहीं एनपीसीएल के अफसर को कंगाली के कगार पर ले जा रहे हैं। अब देखना है कि डूब क्षेत्र में हो रही अवैध बिजली आपूर्ति की जांच होती है या नहीं यह तो आने वाला समय बताएगा।

# जमीन की पैमाइश से नाराज दबंगों ने बोला हमला, दंपत्ति को पीटा

**नोएडा (चेतना मंच)।** जमीन की पैमाइश करने के दौरान एक व्यक्ति पर गांव के ही दबंगों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित को बचाने के लिए जब उसकी पत्नी आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और गले से सोने की चेन लूट ली। न्यायालय के निर्देश पर पीड़ित ने थाना फेस-2 में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम इलाहाबास निवासी रविंद्र कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 2 नवंबर 2023 को नोएडा प्राधिकरण द्वारा कराई जा रही पैमाइश में अपने भाई के साथ मिलकर सहयोग कर रहा था। इस दौरान गांव के ही सचिन पुत्र आजाद नागेंद्र पुत्र प्रताप आजाद पुत्र प्रताप ने उसके घर पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। तीनों आरोपियों ने लाठी डंडों से उसकी तथा उसके भाई की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान उसे बचाने के लिए आई उसकी पत्नी के साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट की गई। मारपीट के दौरान एक हमलावर ने उसकी पत्नी के गले से सोने की चेन झपट ली। इस दौरान जोगिंदर, मनवीर तथा चार अज्ञात लोग उसके गेट पर खड़े रहे। शोर शराबा सुनकर मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई जिसके बाद आरोपी उसे परिवार सहित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने इसकी शिकायत थाना फेस-2 में की लेकिन पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की। रविंद्र कुमार के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज न होने से आरोपियों के हौंसले और बुलंद हो गए थे और वह उसे लगातार धमकी दे रहे थे।

थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# घर में चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों पर चोरों ने चोरी की दो वारदातों को अंजाम दिया। चोर घर से लैपटॉप, मोबाइल फोन, नगदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए।

आम्रपाली सैफायर सोसायटी में रहने वाले अनिल कुमार ने थाना सेक्टर-39 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने कुछ साथियों के साथ रह रहा है। 13 मई 2024 को उसके फ्लैट से चोरों ने तीन लैपटॉप, आईफोन व अन्य सामान चोरी कर लिया। उसने इसकी शिकायत पुलिस से की। इसी थाना क्षेत्र के छालेरा में रहने वाले सत्य प्रकाश सिंह के कमरे से चोरों ने मोबाइल फोन, लैपटॉप व बैग चोरी कर लिया। बैग में एचडीएफसी बैंक का एटीएम कार्ड व नगदी रखी हुई थी। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# मेट्रो स्टेशन से मोबाइल चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के बोटैनिकल मेट्रो स्टेशन से चोरों ने एक व्यक्ति की जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। मामूरा गांव में रहने वाले रोहित दुबे ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 12 जुलाई को किसी कार्य से बोटैनिकल मेट्रो स्टेशन गया था। मेट्रो स्टेशन पर वह मेट्रो ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इस दौरान किसी व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठाते हुए उसकी जेब से मोबाइल फोन निकाल लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि मेट्रो स्टेशनों पर आए दिन मोबाइल में पर चोरी होने की घटनाएं हो रही हैं।




## पृष्ठ एक के शेष....

**जीवन की रक्षा करते ...**

कारगिल दिवस की याद एवं 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन फोनरवा द्वारा किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है। इसलिए सभी को एक-एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। जिससे पर्यावरण को सुरक्षित बनाया जा सके।

**फार्च्यूनर और 50 लाख...**

पीड़ित के मुताबिक दहेज के लिए ससुराल वालों ने उनकी बेटी का जीवन नारकीय कर दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**चोरी की बाइक बेचने...**

पुलिस के मांगने पर दोनों बाइकों के कागजात नहीं दिखा पाए। पूछताछ में पकड़े गए एक आरोपी ने अपना नाम जतिन मौर्य निवासी सोरखा बताया। पकड़ा गया दूसरा आरोपी नाबालिग होने के कारण मौके पर बाल कल्याण अधिकारी को बुलाया गया और उसे पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह बाइक सेक्टर-67 तथा सेक्टर-121 से चोरी की हैं। पकड़े गए आरोपियों ने वाहन चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

**सीएम योगी के...**
**कौन हैं विपिन कुमार जैन**

आईएएस विपिन कुमार जैन मूल रूप से मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई की है। विपिन कुमार जैन वर्ष 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने सबसे पहले बलिया में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रूप में पोस्टिंग की थी। अभी तक वह यमुना विकास प्राधिकरण में एसीईओ (अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी) की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वह गौतमबुद्ध नगर जिले में 29 सितंबर 2023 को आए थे, लेकिन अब उनका ट्रांसफर हो गया है।

**यूपीएसआईडीसी...**

तोड़कर नकदी चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। आवासीय कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

वहीं थाना फैक्ट्री क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गांव में किराए पर रहने वाले शुभम माझी के कमरे से चोरों ने सोने के टॉप्स, अंगूठी, मंगलसूत्र, लॉन्ग, चांदी की पायल व नगदी चोरी कर ली।

**माता-पिता को...**

सुसाइड नोट में अपने माता-पिता को अंतिम प्रणाम करते हुए लिखा कि वह इस जन्म में उनके लिए कुछ नहीं कर पाया। भगवान ने अगर उसे दूसरा जन्म दिया तो वह बेटे होने का फर्ज जरूर निभाएगा। राजा कुमार ने सुसाइड नोट में अपनी पत्नी के लिए लिखा है कि वह उसकी मौत के बाद इंश्योरेंस से मिलने वाले पैसे से दूसरी शादी कर अपना जीवन हंसी खुशी बिताए। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि राजा कुमार की 1 वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी।

वहीं थाना फेस दो क्षेत्र के इलाहाबास गांव में एक महिला में अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। इटावा निवासी धीरज कुमार अपनी पत्नी उजाला के साथ पिछले कुछ समय से इलाहाबास गांव में किराए पर रह रहा था। आज सुबह उजाला ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। घटना के समय धीरज बाहर गया हुआ था। पड़ोसी किराएदारों ने उजाला को फांसी के फंदे पर लटका देखकर उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि उजाला की शादी 2 साल पूर्व धीरज के साथ हुई थी। मृतका के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। इस संबंध में अभी कोई शिकायत नहीं मिली है।परिजन अगर शिकायत देते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**रक्षा मंत्रालय के निदेशक...**

ऐप डाउनलोड किया जिसमें बैलेंस स्टेटमेंट चेक करते हुए पता चला कि उनके एसबीआई बैंक के खाते से 79900 और पीएनबी बैंक के खाते से 34000 गायब हो चुके हैं। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना थाना एक्सप्रेस से पुलिस को दी और साइबर क्राइम पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई।

थाना प्रभारी ने बताया कि डायरेक्टर की शिकायत पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है। मामला रक्षा मंत्रालय के डायरेक्टर से जुड़ा होने के कारण पुलिस के भी हाथ पैर फुले हुए हैं। पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

**मोबाइल टॉवरों से...**

के साथ मिलकर एनसीआर में अलग-अलग स्थान पर लगे मोबाइल टावर से मोबाइल कार्ड व कीमती उपकरण चोरी करने की घटना को अंजाम देते हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मोबाइल टॉवर उसे चोरी किए गए सामान को दिल्ली में बेचने के लिए जा रहे थे। दिल्ली के कबाड़ी इन्हें चोरी के सामान की अच्छी कीमत देते थे। पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने मोबाइल टावरों से सामान चोरी की घटनाओं का अंजाम देना स्वीकार किया है।

**बाइक को मार रहे ...**

इनके पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए। दोनों आरोपियों से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल उन्होंने कंपनियों के पास से आते-जाते हुए व्यक्तियों के चोरी किए हैं। मोटरसाइकिल भी उन्होंने गिझौड़ गांव के मदर टेरेसा स्कूल के पास से चोरी की थी। इस मोटरसाइकिल को वह बेचने के लिए जा रहे थे लेकिन वह रास्ते में खराब हो गई। थाना प्रभारी के मुताबिक पकड़े गए दोनों आरोपी नोएडा एनसीआर क्षेत्र में घूम फिर कर मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देते हैं। उन्होंने 5 दिन पूर्व सेक्टर-12 से भी एक बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है।



## खास खबर

### जयराम ठाकुर ने बजट को हिमाचल प्रदेश के लिए बताया खास



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट को हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए अहम बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया है। जयराम ठाकुर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो मैसेज के साथ पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के युवा वर्ग, गरीब परिवार, मध्यम वर्ग, किसानों सहित आमजन के हित के लिए बजट पेश किया। विशेष तौर पर हिमाचल में गत वर्ष प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई हेतु सहायता की दृष्टि से भी बजट में जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा, मैं इस बजट का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। निश्चित रूप से इस बजट में किए गए प्रावधानों से हिमाचल में भी विकास के रास्ते खुलेंगे। माननीय प्रधानमंत्री , केंद्रीय वित्त मंत्री एवं केंद्र सरकार का हार्दिक आभार। उन्होंने वीडियो में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहला बजट पेश किया गया। बजट के लिए मैं प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इसमें सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है, खासकर यूथ के लिए नौकरी पर फोकस करके मदद करने का रास्ता निकाला गया है। जिस तरह से 500 कंपनियों में एक करोड़ यूथ के लिए इंटर्नशिप कराई जाएगी, यह रोजगार के लिए बहुत बड़ी पहल है, इसके लिए मैं प्रधानमंत्री को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बजट के जरिए तीन करोड़ लोगों को घर देने की शुरुआत भी की है। गरीब कल्याण के लिए कोविड के दौर में जो योजना चलाई गई थी, कोई भूखा ना रहे, यह भी बजट में है। हिमाचल प्रदेश में गत वर्ष आपदा के चलते जो नुकसान हुआ है, इंफ्रास्ट्रक्टर के नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र से अलग अलग मदों में मदद मिलेगी। इसके अलावा इंटरेस्ट फ्री लोन के लिए बहुत बड़ी राशि रखी गई है। जब इसका आवंटन होगा तो इससे हिमाचल प्रदेश को भी फायदा होगा। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए लगभग 11 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं, जिसका फायदा हिमाचल प्रदेश को भी होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को शुरू करने का फैसला लिया गया है। हम लोगों के लिए यह भी बहुत बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि बजट का फोकस किसानों, बागवानों पर है। यह सबके हित का बजट है। बजट के जरिए हिमाचल के लिए विकास के रास्ते खुलेंगे।

### दो वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर,हादसे में छह की मौत

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के करीमगंज जिले में मंगलवार को एक सड़क हादसे में डेढ़ साल के एक बच्चे सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, नीलाम बाजार इलाके में दो वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर में यह दुर्घटना हुई। पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने बताया, कार और ऑटो रिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। उनके अलावा, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में से पांच की पहचान जाहेदा बेगम, बेदाना बेगम, हसीना बेगम, गुलजार हुसैन और रूहुल आलम के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में से पांच एक ही परिवार के सदस्य थे, जबकि रूहुल आलम ऑटो रिक्शा चला रहा था, जिसे विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। कार का चालक और सह-यात्री भी घायल हो गए। घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा गया, जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अयोध्या की ट्रैफिक कंट्रोल व्यवस्था हुई अपग्रेड, ई-चालान शुरू

**अयोध्या, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पहले और उसके बाद लगातार चर्चा में बनी रामनगरी, अयोध्या में अब स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट पर काम शुरू हो गया है। शहर के चौराहों को न सिर्फ हाईटेक सीसीटीवी कैमरों से जोड़ा जा रहा है, बल्कि इन कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम से निगरानी करते हुए ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों का ऑनलाइन चालान भी किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अयोध्या की ट्रैफिक कंट्रोल व्यवस्था को अपग्रेड किया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या के विभिन्न चौराहों पर एक हजार 324 ऐसे सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो वाहन पर लगी नंबर प्लेट की साफ तस्वीर ले सकें। इन कैमरों को एक कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है, जहां लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं से चौराहों पर लगे अलॉटमेंट सिस्टम के जरिए लोगों को निर्देश दिए जाते हैं और ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों का यहीं से ऑनलाइन चालान (ई-चालान) किया जाता है। ट्रैफिक विभाग 22 चौराहों पर इस तरह की व्यवस्था शुरू करने की तैयारी में है, जिनमें से पुष्पराज चौराहा, रिकाबगंज चौराहा, गुदड़ी बाजार चौराहा समेत अन्य कुछ स्थानों पर इस पर अमल भी शुरू हो गया है। 200 से ज्यादा ई-चालान अब तक हो चुके हैं। ट्रैफिक एसपी एपी सिंह ने बताया कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और वाहनों की संख्या में काफी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इसे देखते हुए यातायात (ट्रैफिक) को सही ढंग से संचालित करने के लिए महत्वपूर्ण चौराहों और अन्य स्थानों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है। ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की

# बजट से बिफरा विपक्ष, नीति आयोग की बैठक का चार सीएम करेंगे बहिष्कार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम बजट में गैर भाजपा शासित राज्यों को नजरअंदाज किए जाने से नाराज 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। इस बैठक में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री सदस्य होते हैं। नीति आयोग की बैठक 27 जुलाई को है। इन घटकों ने बुधवार को संसद भवन परिसर में विरोध-प्रदर्शन करने का भी ऐलान किया है। बहिष्कार करने वालों में कम से कम चार राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हैं। इनमें कांग्रेस शासित राज्यों के तीन मुख्यमंत्री हैं। ज्ञात हो कि इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) के एक प्रमुख घटक- द्रमुक के प्रमुख और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन राज्य के साथ अन्याय के खिलाफ पहले ही बहिष्कार का ऐलान कर चुके हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई 'इंडिया' के घटक दलों के संसदीय दल के नेताओं की बैठक में आम बजट पर विस्तार से चर्चा हुई। खरगे के सरकारी आवास पर हुई इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित कई दलों के नेता मौजूद थे। बैठक में मौजूद एक नेता ने कहा कि बैठक में गैर भाजपा शासित राज्यों को नजरअंदाज करने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई है। बजट में भेदभाव को लेकर घटक दलों में काफी नाराजगी है। बैठक में ही




'इंडिया' के मुख्यमंत्रियों द्वारा नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने का ऐलान हुआ। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि 'इंडिया' के घटक दलों ने बजट पर चर्चा की है। यह बजट तीन-चौथाई हिंदुस्तान, खासकर गैर भाजपा सरकार वाले राज्यों को पूरी तरह नजरअंदाज करता है। इसके खिलाफ 'इंडिया' गठबंधन बुधवार को संसद भवन परिसर में विरोध-प्रदर्शन करेगा। इसके साथ ही 'इंडिया' गठबंधन ने सदन के अंदर भी आवाज उठाने का फैसला किया है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह भाजपा का बजट नहीं है, बल्कि पूरे देश का बजट है। पर सरकार ने बजट को इस तरह पेश किया है, जैसे यह भाजपा का बजट हो। दरअसल, बजट में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पंजाब को नजरअंदाज किए जाने को लेकर नाराजगी है। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के सांसदों ने तो बजट भाषण के दौरान ही अपना विरोध दर्ज कराया था।

**स्टालिन ने नीति आयोग के बहिष्कार का ऐलान किया :** मंगलवार शाम को कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई बैठक में पार्टी ने निर्णय लिया कि शनिवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक का वो बहिष्कार करेंगे। स्टालिन ने नीति आयोग के बहिष्कार का ऐलान किया है। कांग्रेस महासचिव ने एक्स पर लिखा, आज पेश किया गया केंद्रीय बजट बेहद भेदभावपूर्ण और खतरनाक है। केंद्र सरकार को सभी राज्यों को बराबर की तरजीह देनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सरकार ने बजट में संघवाद और निष्पक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ काम किया है। इसके विरोध में, कांग्रेस (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) के मुख्यमंत्री 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करेंगे। बता दें कि कांग्रेस पार्टी की देश में हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में सरकार है। यहां के तीनों मुख्यमंत्रियों सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिमाचल प्रदेश), सिद्धारमैया (कर्नाटक) और रेवंत रेड्डी (तेलंगाना) ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने का ऐलान किया है।

इस बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने भी घोषणा की है कि वह नीति आयोग के कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगे। उन्होंने भी बजट में तमिलनाडु राज्य की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि पार्टी के नेतृत्व वाला विपक्षी दल आईएनडीआईए ब्लॉक, गैर-भाजपा/एनडीए सरकारों वाले राज्यों के खिलाफ केंद्रीय बजट में भेदभाव को लेकर संसद के अंदर और बाहर विरोध प्रदर्शन करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर आयोजित बैठक के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, इस साल बजट की अवधारणा नष्ट हो गई है। इसलिए, आईएनडीआईए ब्लॉक बैठक की आम भावना यह थी कि हमें इसका विरोध करना चाहिए।

## हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश, 25 सड़कें बंद, कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून अपने पूरे शबाब पर है और पूरे प्रदेश में जोरदार बारिश का दौर लगातार जारी है। जिसके चलते फिलहाल प्रदेश की 25 सड़कें बंद कर दी गई हैं। इसके अलावा मौसम विभाग ने चंबा, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए यहां पर भारी बारिश की चेतावनी दी है। इस दौरान यहां के निवासियों को सड़क, पानी और बिजली आपूर्ति में संभावित व्यवधान की चेतावनी के लिए भी तैयार रहने को कहा है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटों में कांगड़ा, सिरमौर और शिमला जिलों के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बाढ़ का खतरा है। इसके अलावा विभाग ने पूरे राज्य में अलग-अलग जगहों पर अगले चार दिनों के लिए यानी 27 जुलाई तक भारी बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया है। इस दौरान इन जगहों पर तेज हवाएं चलने व निचले इलाकों में जलभराव के कारण पेड़-पौधों, खड़ी फसलों, कमजोर संरचनाओं और कच्चे घरों को नुकसान हो सकता है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार मंडी जिले में 22 सड़कें, कांगड़ा में 2 और किन्नौर में 1 सड़क बंद है। इसके अलावा राज्य में 97 ट्रांसफार्मर और 13 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हुई हैं। केंद्र के अनुसार राज्य में अब तक बारिश से संबंधित घटनाओं में 47 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 27 जून से चल रहे मानसून सीजन में राज्य को करीब 364 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। पिछले 24 घंटों में कांगड़ा जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई, यहां 151.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद धर्मशाला में 146.6 मिमी, पालमपुर में 112.4 मिमी और नगरोटा सूरियां में 99.6 मिमी बारिश हुई।

### भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ ने चलाया सर्च ऑपरेशन, 2 किलो हेरोइन मिली

**अनूपगढ़, एजेंसी।** राजस्थान के अनूपगढ़ में भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र में बीएसएफ ने संदिग्धों की शिनाख्त के लिए चलाया सर्च ऑपरेशन चलाया। दो किलो हेरोइन मिली है। अनूपगढ़ जिले की नेमीचंद पोस्ट के पास में एक खेत में यह हेरोइन बरामद हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 करोड़ रुपए है। अनूपगढ़ एसपी रमेश मौर्य ने मीडया को बताया कि बीएसएफ को नेमीचंद पोस्ट के पास एक खेत में पीले रंग के प्लास्टिक के पैकेट में यह हेरोइन बरामद हुई है। रावला पुलिस ने 8 दिन पहले एक तस्कर को गिरफ्तार किया था जो सीमा क्षेत्र में पाकिस्तान द्वारा भेजी गई हेरोइन की डिलीवरी लेने के लिए आया था। लेकिन उसे डिलीवरी लेने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। अनूपगढ़ एसपी ने बताया कि इसके बाद दो अन्य संदिग्ध व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया था। इन तीनों से पूछताछ जारी है. उन्होंने बताया कि आज बरामद की गई हेरोइन के तार इन्हीं तीनों व्यक्तियों से जुड़े हुए हैं। अनूपगढ़ एसपी रमेश मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि आज शाम को बीएसएफ की इंटेलीजेंस ब्रांच के अधिकारी इलाके में सर्च अभियान में लगे हुए थे कि उन्हें एक खेत में यह हेरोइन बरामद हो गई। रावला पुलिस और बीएसएफ ने इलाके में संयुक्त रूप से नाकाबंदी की है। उल्लेखनीय है कि श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ जिले की पाकिस्तान से लगती सीमा में हेरोइन तस्करी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है।

# अगले तीन सालों में दस हजार और एक्स्ट्रा नॉन एसी कोच बनाए जाएंगे: रेल मंत्री

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी 3.0 के पहले बजट को पेश कर दिया। इस बजट के दौरान सभी की नजरें रेलवे को लेकर होने वाली घोषणाओं पर लगी रहीं। हालांकि, बजट के दौरान सिर्फ एक बार ही रेलवे शब्द का जिक्र किया गया, लेकिन बजट खत्म होने के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने करोड़ों रेल यात्रियों के लिए गुड न्यूज दी है। रेल मंत्री ने मिडिल क्लास और कम आय वाले परिवारों को खुशखबरी देते हुए बताया है कि रेलवे अभी ढाई हजार नॉन-एसी कोच बना रहा है और अगले तीन सालों में दस हजार और एक्स्ट्रा नॉन एसी कोच बनाए जाएंगे। रेलवे का उद्देश्य यह है कि कम आय वाले परिवार और मिडिल क्लास किफायती कीमत पर सुरक्षित यात्रा कर सकें। ट्रेनें हजार किलोमीटर की यात्रा के लिए लगभग 450 रुपये की लागत पर विश्व स्तरीय सुविधाएं दे रही हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि साल 2014 से पहले रेलवे के लिए पूंजीगत व्यय पर निवेश 35,000 करोड़ रुपये के आसपास हुआ करता था। आज यह 2.62 लाख करोड़ रुपये है। यह रेलवे के लिए रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय है। मैं रेलवे में इस तरह के निवेश के लिए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का बहुत आभारी हूं। अगर हम 2014 से पहले के 60 सालों को देखें तो नई ट्रेनों की घोषणा बिना यह सुनिश्चित किए की जाती थी कि पटरियों में क्षमता है या नहीं। बिल्कुल लोकलुभावन उपाय किए गए जिनका रेलवे के बुनियादी ढांचे की स्थिति से कोई संबंध नहीं था। पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री ने





यह सुनिश्चित करने पर बड़े पैमाने पर ध्यान केंद्रित किया है कि नींव ठीक से तैयार हो। गैर-एसी यात्रा की मांग में हुई बढ़ोतरी रेलवे ने पिछले कुछ सालों में वंदे भारत ट्रेनों पर काफी फोकस किया है। एक के बाद एक नई वंदे भारत ट्रेनें चलाई गई हैं। इसी पर जब रेल मंत्री से सवाल किया गया कि क्या रेलवे का फोकस वंदे भारत और फ्लैगशिप ट्रेनों पर रहेगा और गरीबों के लिए ट्रेनों पर नहीं तो मंत्री ने जवाब दिया कि दृष्टिकोण यह है कि हमारे पास एक बड़ा निम्न-आय वर्ग है और हम उस वर्ग को संबोधित कर रहे हैं और फिर एक आकांक्षी वर्ग है जो आगे आ रहा है। उस आकांक्षी वर्ग को भी संबोधित करने की जरूरत है, इसलिए हम दोनों को संबोधित कर रहे हैं। रेल मंत्री ने आगे कहा, एसी और गैर एसी कोचों का अनुपात आम तौर पर 1/3 और 2/3 रहा है। उस अनुपात को बनाए रखा गया है। गैर एसी यात्रा की मांग अब बढ़ गई है। अधिक से अधिक लोग यात्रा कर रहे हैं, अधिक से अधिक लोग गैर एसी सेगमेंट के लिए यात्रा सेवाओं की मांग कर रहे हैं। इसलिए हमने एक विशेष अभियान चलाया है। हम 2,500 गैर-एसी कोच बना रहे हैं और आने वाले तीन वर्षों में हम नियमित उत्पादन कार्यक्रम के अलावा 10,000 अतिरिक्त गैर-एसीकोच बनाएंगे।

# पुलिसवालों को वीरता अवॉर्ड मामला: केंद्र ने हरियाणा सरकार से मांगी किसानों पर गोलीबारी की रिपोर्ट

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा सरकार की तरफ से वीरता पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किए गए चार पुलिस अधिकारी केंद्रीय गृहमंत्रालय की जांच के दायरे में आते नजर आ रहे हैं। खबर है कि मंत्रालय ने हरियाणा सरकार से 2 आईपीएस और हरियाणा पुलिस के 2 अधिकारियों की तरफ से किसानों पर की गई गोलीबारी की जानकारी मांगी है। खास बात है कि पंजाब विधानसभा स्पीकर की तरफ से एक पत्र भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा गया था, जिसमें इस फैसले पर विचार करने की मांग की गई थी।

पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर हरियाणा सरकार के उस हालिया फैसले पर आपत्ति जताई, जिसमें दिल्ली चलो अभियान के तहत किसानों को दिल्ली कूच करने से रोकने में भूमिका के लिए छह पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक देने की सिफारिश की गई है। हरियाणा सरकार ने हाल में केंद्र को भेजी अपनी सिफारिश में वीरता पदक से सम्मानित करने के लिए छह पुलिस



अधिकारियों के नाम दिये हैं, जिनमें से तीन आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) और तीन अन्य हरियाणा पुलिस सेवा से हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर तले किसानों को फरवरी में राष्ट्रीय राजधानी की ओर बढ़ने से रोक दिया गया था। मंगलवार को प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में विधानसभा अध्यक्ष संधवान ने लिखा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसानों को बदनाम किया जा रहा है और उनके साथ बेहद अनुचित व्यवहार किया जा रहा है, जबकि वे लंबे समय से लंबित अपनी मांगों के लिए पंजाब में शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे हैं। किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए उन्होंने हरियाणा के पुलिस महानिदेशक द्वारा उन छह पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक देने की सिफारिश की कड़ी निंदा की, जिन्होंने शंभू बॉर्डर पर किसानों के मार्च को रोकने में भूमिका निभाई थी। एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की तरफ से दिल्ली चलो के ऐलान के बाद हरियाणा सरकार ने फरवरी में शंभू और खनौरी सीमा पर बैरिकेड्स लगा दिए थे।




## याकुल्ट डैनोन इंडिया ने याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर प्रस्तुत किया

नई दिल्ली, 24 जुलाई 2024। याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज एक नई क़िस्म - याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर पेश किया। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड स्टार सान्या मल्होत्रा, मंत्री और भारत में जापान के दूतावास के मिशन के उप-प्रमुख ताकाशी आरियोशी, याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर ईजी अमानो और याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की विज्ञान और नियामक मामलों की प्रमुख डॉ. नीरजा हजेला मौजूद थीं।

इजी अमानो ने कहा, याकुल्ट में, हमारा मुख्य सिद्धांत अपने अनूठे प्रोबायोटिक स्ट्रेन लैक्टोबैसिलस कैसी शिरोटा स्ट्रेन÷ का उपयोग करके दुनिया भर के ग्राहकों के पेट की सेहत को बेहतर बनाना है। भारत में हर रोज़ याकुल्ट की 2 लाख से अधिक बोतलों की खपत के साथ, हम घर-घर का नाम बन गए हैं. याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर को पेश किए जाने के साथ, हम भारत के ग्राहकों के स्वाद और पसंद को पूरा करने के लिए अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को बढ़ा रहे हैं। यह नई क़िस्म हमारे क्लासिक याकुल्ट जैसे ही सभी के द्वारा पसंद किए जाने वाले आम के मज़ेदार स्वाद को पेश करती है। सेहत को होने वाले फ़ायदे को बनाए रखती है। हमारा मानना है कि यह नया प्रोडक्ट हमारे उन ग्राहकों को पसंद आयेगा जो आम के स्वाद बेहद पसंद हैं।

# अमित शाह से तिगुना राजनाथ सिंह के मंत्रालय का बजट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अपना सातवां और मोदी सरकार-3.0 का पहला बजट पेश कर दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उन्होंने कुल 48 लाख 20 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। उन्होंने रक्षा जरूरतों को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रक्षा मंत्रालय को सर्वाधिक 6,21,940 करोड़ रुपये आवंटित किए, जो पिछले साल के 5.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रक्षा क्षेत्र का कुल बजट भारत सरकार के कुल बजट का 12.9 प्रतिशत है। मोदी सरकार में दूसरे नंबर पर रहने वाले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के लिए 1,05,518 करोड़ रुपये का आवंटन रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को और गति प्रदान करेगा। मोदी सरकार में तीसरे नंबर पर रहने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मंत्रालय को कुल 2,19,643.31 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसमें 1,43,275.90 करोड़ रुपये का बड़ा हिस्सा सीआरपीएफ, बीएसएफ और सीआईएसएफ जैसे केंद्रीय पुलिस बलों के लिए चिह्नित है। वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में गृह मंत्रालय को 2,02,868.70 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। बड़ी बात ये है कि राजनाथ सिंह के मंत्रालय को अमित शाह के गृह मंत्रालय से करीब तिगुना आवंटन मिला



मंत्रालय को 2024-2025 के बजट में 90,958.63 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो 2023-24 के संशोधित अनुमान 80,517.62 करोड़ रुपये से 12.96 प्रतिशत अधिक है। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर के उपचार की तीन दवाओं - ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमैब पर सीमा शुल्क में छूट की भी घोषणा की है। वित्त मंत्री ने कहा, ''कैंसर रोगियों को राहत प्रदान करने के लिए, मैं तीन और दवाओं को सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट देने का प्रस्ताव करती हूं। मैं चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम के तहत मेडिकल एक्स-रे मशीनों में उपयोग के लिए डिटेक्टरों पर बीसीडी (मूल सीमाशुल्क) में भी बदलाव का प्रस्ताव करती हूं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह के मंत्रालय के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वित्त मंत्री ने लोकसभा में अपने बजट भाषण में कहा कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करते हुए कहा ''इस साल मैंने ग्रामीण अवसंरचना सहित ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। शिवराज सिंह के ही पास कृषि और किसान कल्याण

# टी20 सीरीज शुरू होने से पहले ही श्रीलंका को झटका

## प्रमुख तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा बाहर




**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई से टी20 सीरीज होनी है। इसके लिए मंगलवार को ही श्रीलंका ने अपनी टीम घोषित की थी। अब एक दिन बाद ही श्रीलंकाई टीम को बड़ा झटका लग गया है। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा भारत के खिलाफ टी20 के साथ ही वनडे सीरीज में भी हिस्सा नहीं लेंगे। भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 2 अगस्त से होनी है।

श्रीलंका के एक प्रमुख पत्रकार के अनुसार तेज गेंदबाज को चोट लगी है और इसलिए वह सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) जल्द ही उनके स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी की घोषणा करेगा।

# गुजरात टाइटंस के कोचिंग स्टाफ से जुड़ेंगे युवराज सिंह, आशीष नेहरा की छुट्टी संभव

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटन्स के प्रशंसकों में प्रबंधन में बदलाव हो सकता है क्योंकि मुख्य कोच आशीष नेहरा और क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी संभावित रूप से फ्रेंचाइजी को अलविदा बोल सकते हैं। नेहरा और सोलंकी 2022 में अपने पहले सीजन के बाद से फ्रैंचाइज़ी से जुड़े हुए हैं। गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2022 में पहली बार खेलते ही



खिताब जीता था। आईपीएल 2023 सीजन में वह उपविजेता रहे। गुजरात से जब कप्तान हार्दिक पांड्या अलग हुए तो शुभमन गिल को कप्तान बनाया गया। लेकिन टीम आईपीएल 2024 में अपनी सफलता दोहरा नहीं सकी।

बहरहाल, गुजरात टाइटंस की डूबती नैय्या को पार लगाने के लिए युवराज सिंह टीम के साथ जुड़ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार गैरी कर्स्टन, जो फ्रेंचाइजी का मार्गदर्शन कर रहे थे, ने भी पाकिस्तान पुरुष टीम के लिए सफेद गेंद के कोच के रूप में शामिल किए जाने के बाद शिविर छोड़ दिया है। इसलिए कई बदलाव हो सकते हैं। आशीष नेहरा और विक्रम सोलंकी के आगे बढ़ने की पूरी संभावना है। जिसके बाद युवराज सिंह को लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है। अभी कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन गुजरात टाइटंस के कोचिंग स्टाफ में कुछ बड़े बदलाव हो सकते हैं।

बता दें कि हार्दिक को आईपीएल 2024 से पहले एक रिकॉर्ड डील में मुंबई इंडियंस ने अपने साथ रखा था। जबकि गुजरात ने शुभमन गिल को कप्तान बनाया था। टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही और गिल के साथ नेहरा को नुकसान उठाना पड़ा। जीटी के कोचिंग सेट-अप के अन्य उल्लेखनीय सदस्य आशीष कपूर, नईम अमीन, नरेंद्र नेगी और मिथुन मन्हास हैं।

माना जा रहा है कि राजस्थान रॉयल्स भी बड़ा बदलाव करने के मूड में है। भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ मेंटर के रूप में राजस्थान रॉयल्स में लौट सकते हैं। गौरतलब है कि द्रविड़ ने कोच के रूप में भारत को टी20 विश्व कप 2024 की ट्रॉफी दिलाई और इससे पहले आईपीएल में आरआर की कप्तानी और मार्गदर्शन कर चुके हैं। वह 2018 में बतौर कोच भारत की अंडर 19 टीम से विश्व कप भी दिला चुके हैं।

हॉकी मिडफील्डर राज कुमार पाल ने कहा

# 'ओलंपिक टीम में चुने जाने पर मैं रो पड़ा'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर राजकुमार पाल 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारतीय टीम के अहम सदस्य राज कुमार पहली बार तब चर्चा में आए थे, जब उन्हें 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर-23 टूर्नामेंट के लिए चुना गया था।

हॉकी खेलने वाले तीन भाइयों में सबसे छोटे राज कुमार का करमपुर की गलियों से हॉकी खेलने का सफर अपने आप में एक कहानी है। उनके बड़े भाई जोखन और राजू भी पूर्व हॉकी खिलाड़ी हैं और वह गर्व से कहते हैं कि हॉकी के अलावा उनके लिए कोई दूसरा खेल नहीं था। राज कुमार 10 साल की उम्र में मेघबरन स्टेडियम में शामिल हुए, जहां कोच तेज बहादुर सिंह ने पाल भाइयों में से तीनों में रुचि दिखाई। 2012 में वह स्र्ढ्ढ लखनऊ छात्रावास में शामिल हुए और ललित कुमार उपाध्याय की गति और शैली की ओर आकर्षित हुए जो जोखन के बैचमेट थे।

उपाध्याय भी उनके करीबी दोस्त बन गए जब उन्हें पहली बार भारत शिविर में बुलाया गया। ललित के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए राज कुमार ने कहा, मुझे हमेशा ललित भाई ने प्रोत्साहित किया जिन्होंने मुझे समझाया कि गलतियां करना ठीक है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन गलतियों से सीखना चाहिए और उन्हें फिर कभी नहीं दोहराना चाहिए। उन्होंने



हमेशा मेरा समर्थन किया है। ज़्यादातर समय जब हम मैच खेलते थे, तो मैं उनसे पूछता था कि मैंने मैच में क्या गलतियां कीं और मैं खुद में कहां सुधार कर सकता हूं और वह हमेशा मुझे बहुत शांति से बताते थे।

उच्च प्रदर्शन निदेशक डेविड जॉन ने 2018 में सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण हॉस्टल में उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें सीनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलाया। अब राज कुमार का ध्यान पेरिस ओलंपिक पर है और वह एक बार में एक खेल पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, मेरा पूरा ध्यान पेरिस ओलंपिक पर है। मुझे पता है कि यहां क्या दांव पर लगा है और किसी भी तरह की गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं है। मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं और एक बार में एक खेल पर ध्यान देने की योजना बना रहा हूं।

अब तक 53 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले राजकुमार ने कहा, ओलंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए एक सपना रहा है। मैं इस अवसर का लंबे समय से इंतजार कर रहा था और अब जब मैं यहां हूं, तो यह अवास्तविक लगता है। जब मुझे ओलंपिक-बाउंड टीम में अपने चयन की खबर मिली, तो मैं उन सभी परिस्थितियों को याद करके रो पड़ा, जिनसे मैं गुजरा हूं और मुझे अपने पिता की याद आई। जब मैंने घर पर फोन किया, तो मुझे पता चला कि मेरी मां रो रही थीं, लेकिन वे खुशी के आंसू थे। मेरे परिवार ने बहुत त्याग किया है और अब समय आ गया है कि मैं उन्हें स्वर्ण पदक से इसका बदला दूं।% भारत अपने पेरिस 2024 ओलंपिक अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को करेगा, जब वे अपने पहले पूल बी मैच में न्यूज़ीलैंड से भिड़ेंगे।

# पारिवारिक तनाव के चलते 'वह बालकनी पर खड़ा था', दोस्त ने किया शमी के आत्महत्या के प्रयास का खुलासा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के दोस्त उमेश कुमार ने हाल ही में तेज गेंदबाज के करियर और निजी जीवन के दुखद समय के बारे में बताया जिसके कारण उन्हें आत्महत्या के विचार भी आए थे। गौरतलब है कि शमी की पत्नी हसीन जहां ने क्रिकेटर पर घरेलू हिंसा और बेवफाई का आरोप लगाते हुए मार्च 2018 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। हालांकि तेज गेंदबाज ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि यह पूरी घटना 'उनकी छवि खराब करने का प्रयास' है। टी20 विश्व कप 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ अपने खराब प्रदर्शन के बाद उन पर मैच फिक्सिंग में शामिल होने का आरोप लगाया गया। शमी के करियर के सबसे बुरे दौर को याद करते हुए



उनके दोस्त उमेश कुमार, जो उत्तराखंड विधानसभा के सदस्य भी हैं, ने खुलासा किया कि उस दौरान उन पर लगे सभी आरोपों से भारतीय स्टार टूट गया था। शुभंकर मिश्रा के पॉडकास्ट अनप्लग्ड पर उमेश ने कहा, उस दौर में शमी हर चीज से लड़ रहा था। वह मेरे साथ मेरे घर में रहता था। लेकिन जब पाकिस्तान के साथ फिक्सिंग के आरोप सामने आए और उस रात जांच हुई, तो वह टूट गया। उसने कहा कि मैं सब कुछ बर्दाश्त कर सकता हूं, लेकिन अपने देश के साथ विश्वासघात करने के आरोपों को बर्दाश्त नहीं कर सकता। कुमार ने आगे बोलते हुए कहा, खबरों में यह भी आया कि वह उस रात कुछ बड़ा करना चाहता था [अपनी जान लेना]। सुबह करीब 4 बजे मैं पानी पीने के लिए उठा। मैं रसोई की ओर जा रहा था, तभी मैंने देखा कि वह बालकनी में खड़ा था। यह 19वीं मंजिल थी, जिस पर हम रह रहे थे। मुझे समझ में आ गया कि क्या हुआ था।

# भारतीय तीरंदाजों का लक्ष्य

## ओलंपिक में पहला पदक जीतना



**पेरिस (एजेंसी)।** स्थान भी अलग होगा और वर्ष भी और एक नया ओलंपिक होगा लेकिन भारतीय तीरंदाजों का लक्ष्य वही पुराना होगा, ओलंपिक खेलों में पहला पदक जीतना।

तीरंदाजी को ओलंपिक में 1988 में शामिल किया गया था और तब से भारतीय तीरंदाज लगभग हर ओलंपिक खेल में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय तीरंदाज बुधवार को लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम में सभी छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जिसका मतलब है कि इस बार भारतीय तीरंदाज पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुवाई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालिफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी। प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालिफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर रविवार से शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी।

भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी पुरुष तीरंदाज शीर्ष 30 में जगह नहीं बना पाए थे जिससे भारतीय टीम को नौवीं वरीयता मिली थी। भारत की एकमात्र महिला तीरंदाज दीपिका ने नौवां स्थान हासिल किया था। भारत को तब अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था।

भारत को पुरुष टीम से काफी उम्मीद है जिसने इस साल शंघाई में विश्व कप के फाइनल में कोरिया को हराकर इतिहास रचा था। भारतीय टीम में राय और पिछले ओलंपिक में भाग लेने वाले प्रवीण जाधव के रूप में अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं जबकि युवा खिलाड़ी धीरज बोम्मादेवरा एक महीने पहले अंताल्या विश्व कप में तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता इटली के मौरो नेस्पोली को हराकर कांस्य पदक जीत कर उत्साह से लबरेज होंगे।

महिला वर्ग में सभी की निगाहें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई में विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीत कर शानदार वापसी की थी। महिला टीम में उनके साथ देने के लिए अंकिता भक्त और भजन कौर हैं। इन दोनों का यह पहला ओलंपिक होगा लेकिन वह वर्तमान ओलंपिक चक्र में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। धीरज और दीपिका अगर रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहते हैं तो फिर रिकर्व मिश्रित टीम में उनसे पदक की उम्मीद की जा सकती है।

भारतीय तीरंदाज ओलंपिक में अभी तक क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। भारत तीरंदाजी में केवल सिडनी ओलंपिक 2000 में क्वालीफाई नहीं कर पाया था। इसके अलावा उसने सभी ओलंपिक खेलों में भाग लिया लेकिन अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं कर पाया। पेरिस ओलंपिक में पुरुष टीम का फाइनल सोमवार को जबकि व्यक्तिगत एलिमिनेशन मंगलवार को शुरू होगा। मिश्रित टीम का फाइनल अगले शुक्रवार को तथा उसी सप्ताहांत में महिला और व्यक्तिगत फाइनल होंगे।

# विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच रिश्तों पर बोले आशीष नेहरा, दोनों बहुत ही जोशीले व्यक्ति हैं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने दावा किया है कि उन्हें विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच कोई समस्या नहीं दिखती क्योंकि वे एक बार फिर ड्रेसिंग रूम साझा करना शुरू कर देंगे। गंभीर श्रीलंका दौरे से भारत के कोच का पद संभालेंगे, जहां कोहली वनडे टीम का हिस्सा होंगे। आईपीएल के दौरान दोनों के बीच मैदान पर नोकझोंक हुई थी, लेकिन 2024 के सीजन के दौरान दोनों के बीच गर्मजोशी से बातचीत होती दिखी और ऐसा लग रहा था कि दोनों ने अपने बीच की खटास को भुला दिया है।

नेहरा ने कहा, विराट कोहली और गौतम गंभीर दो बहुत ही जोशीले व्यक्ति हैं। जब भी वे किसी टीम के लिए खेलते हैं, तो वे विपक्षी टीम के खिलाफ खेल सकते हैं। लेकिन, जब वे ड्रेसिंग रूम में साथ होते हैं, तो वे टीम के लिए एकजुट होते हैं। आप




विराट कोहली की बात कर रहे हैं जिनके पास 16-17 साल से ज़्यादा का अनुभव है, गौतम गंभीर भी अनुभवी हैं। बाहर की चीजों से लोगों को इसका अंदाजा हो जाता है। यह सिर्फ गंभीर और कोहली की बात नहीं है, ऐसे कई खिलाड़ी हैं जिनके बीच पहले भी मैदान पर झगड़े हुए हैं, लेकिन जब वे किसी टीम के लिए साथ खेलते हैं, तो वे एक खिलाड़ी, कोच-कप्तान, कोच और सीनियर खिलाड़ी के तौर पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

नेहरा ने यह भी कहा कि गंभीर हमेशा स्पष्ट और पारदर्शी रहते हैं और हमेशा अपनी बात कहते हैं। नेहरा ने कहा, गौतम गंभीर स्पष्टवादी और पारदर्शी हैं, जो कि बहुत बढ़िया है। वह अपनी बात स्पष्ट रखते हैं और अपनी बात कहते हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है। हां, मैं सहमत हूं, हर किसी की अपनी शैली (कोचिंग की) होती है, कोच, कप्तान और खिलाड़ी के साथ काम करने की। मुझे इन दोनों के साथ और उनके करियर में उनकी स्थिति के साथ कोई समस्या नहीं दिखती।

गौर हो कि भारत 27 जुलाई को टी20 सीरीज के साथ श्रीलंका दौरे की शुरुआत करेगा। उम्मीद है कि कोहली 2 अगस्त को वनडे सीरीज शुरू होने से पहले टीम में शामिल हो जाएंगे। गंभीर के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में यह पहला दौरा होगा।

# टेस्ट क्रिकेट में 1936 के इस रिकॉर्ड को तोड़ सकता है इंग्लैंड : ओली पोप

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के अंदर 600 रन बना सकती है और इन बातों को सिरे से खारिज कर दिया कि वे बल्लेबाजी में आक्रामक शैली 'बैजबॉल' से पीछे हट रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर ही है। उसने 1936 में भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 588 रन बनाए थे और पोप का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम इस रिकार्ड को तोड़ सकती है।



पोप ने कहा, 'कभी-कभी हम एक दिन में 280 या 300 रन बना सकते हैं क्योंकि हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में कभी ऐसा दिन आए जब हम 500 से 600 रन बना लें और यह अच्छा रिकॉर्ड होगा। इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 506 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैच की श्रृंखला में अभी 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखे हैं।

उसने पहले टेस्ट मैच में पारी के अंतर से और दूसरे मैच में 241 रन से जीत हासिल की थी। पोप ने 'बैजबॉल' रणनीति के बारे में कहा, 'ट्रेंटब्रिज में पहले दिन मुझसे पूछा गया था क्या आपको इस तरह खेलने के लिए कहा जाता है। नहीं, हमें ऐसा नहीं कहा जाता। यह हमारा स्वाभाविक खेल है और हम इसे खेलने के तरीके अपनाते हैं।

# विरोधी से डरना नहीं है, अपनी ट्रेनिंग पर फोकस रखो, हाई जंपर सर्वेश कुशारे ने नीरज से सीखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गांव में चारे के मैट पर अभ्यास से पेरिस ओलंपिक तक का सफर तय करने वाले हाई जंपर सर्वेश कुशारे को अपनी तैयारियों और भारतीय एथलेटिक्स के 'गोल्डन ब्वॉय' नीरज चोपड़ा से मिले इस मूलमंत्र पर यकीन है कि प्रतिद्वंद्वियों की ख्याति से डरे बिना बस अपनी ट्रेनिंग पर फोकस रखो। कुशारे ओलंपिक ऊंची कूद के लिये क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं।

अभ्यास के दौरान 2.30 मीटर का आंकड़ा पार कर रहे कुशारे को अपनी कड़ी मेहनत और तोक्यो ओलंपिक में भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का खाता खोलने वाले नीरज की सलाह पर पूरा यकीन है। ओलंपिक में ऊंचे कद और भारी डील डौल वाले प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार पांच फुट नौ इंच के कुशारे ने इंटरव्यू में कहा, 'मेरा बस कद ही छोटा है लेकिन हम भी भीतर से बहुत मजबूत हैं। प्रतिद्वंद्वी की कद काठी देखकर कोई डर नहीं लगता। सही समय पर शीर्ष फॉर्म में रहना महत्वपूर्ण है।

महाराष्ट्र के नाशिक से कुछ किलोमीटर दूर देवरगांव के रहने वाले 29 वर्ष के इस एथलीट ने कहा, 'अभी तो काफी समय से नीरज भाई से मुलाकात नहीं हुई है लेकिन जब पिछली बार मिले थे तो उन्होंने कहा था कि ट्रेनिंग पर फोकस करो और विरोधी खिलाड़ियों की ख्याति से डरना नहीं है। वह हमेशा टिप्स देते रहते हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे आदर्श नीरज चोपड़ा ही हैं जिन्होंने एथलेटिक्स में पहला ओलंपिक पदक जीतकर हमारे भीतर भी आत्मविश्वास भरा। हम भी उनकी तरह बनना चाहते हैं और देश का मान बढाना चाहते हैं।

पंचकूला में जून में अंतर प्रांत राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 2.25 मीटर की रिकॉर्ड कूद के साथ स्वर्ण जीतने वाले कुशारे ने




क्वालीफिकेशन प्रक्रिया में 23वां स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया। उन्होंने कहा, 'जून से पहले मेरी रैंकिंग 36 चली गई थी क्योंकि मई में जब पूरी दुनिया में स्पर्धायें चल रही थी, मैं नहीं खेल सका था। मुझे डर लग रहा था कि ओलंपिक खेल सकूंगा कि नहीं। मैं काफी दबाव में आ गया था लेकिन फिर मलेशिया, कजाखस्तान और पंचकूला में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके क्वालीफाई किया।

उन्होंने कहा, 'टखने की चोट के कारण बहुत दिक्कतें आई थी लेकिन अब लगातार अच्छा अभ्यास करके मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। अभी फोकस क्वालीफिकेशन दौर पर है जो सात अगस्त को सुबह दस बजे होगा। पहला लक्ष्य फाइनल में जगह बनाने का है। उसके बाद की प्लानिंग बाद में करूंगा। वारसॉ में अत्याधुनिक सुविधाओं के बीच तैयारी कर रहे कुशारे ने जब खेलना शुरू किया तो गाय के चारे को मैट के रूप में इस्तेमाल करते थे। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा, 'हमारे गांव में ऊंची कूद का मैट नहीं था तो गाय के लिए जो मक्के का चारा इकट्ठा होता था, उसका मैट बनाया जाता था। उसका एक ही पीस लैंडिंग एरिया की तरह बनाया था और हम उस पर अभ्यास करते थे।

उन्होंने बताया, 'स्कूल के पीटी टीचर आर डब्ल्यू जाधव सर के मार्गदर्शन में खेलना शुरू किया। फिर सैन्य खेल संस्थान में गया और ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट (ओजीक्यू) से भी सहयोग मिला जिन्होंने अमेरिका में अभ्यास के लिये भेजा। कुशारे ने कहा, 'वारसॉ में बहुत अच्छी सुविधाएं हैं और सुबह शाम क्यूबाई कोच के साथ अभ्यास होता है। मैं ऊंची कूद में अकेला हूं लेकिन भारतीय एथलेटिक्स रिले टीम, शॉटपुट टीम, भालाफेंक खिलाड़ी किशोर जेना और अन्नु रानी सभी यहीं हैं। हम आपस में यही बात करते हैं कि ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

वहां दिनचर्या के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, 'अभ्यास में जिम, स्पीड वर्क, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग सभी होता है। यहां रिकवरी सत्र बहुत अच्छे रहते हैं। खाली समय में बस रेस्ट करते हैं क्योंकि शरीर को आराम देना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, 'मानसिक तैयारी के लिए खेल मनोवैज्ञानिक से नियमित बात करता हूं। वे बताते हैं कि दबाव से कैसे निपटना है और खुद को मानसिक रूप से तरोताजा कैसे रखना है। योग और ध्यान रोज सुबह करता हूं।

कुशारे को भारतीय एथलेटिक्स दल से पेरिस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'इस बार एथलेटिक्स में टीम बहुत अच्छी है। रिले टीम हो, तेजिंदर तूर (शॉटपुट) हो, नीरज भाई सभी पदक के दावेदारों में है और इस बार हमारा प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहेगा।% आठ जुलाई से वारसॉ में अभ्यास कर रहे कुशारे 29 जुलाई को पेरिस रवाना होंगे।



# कौन सा कैरियर या व्यवसाय सही है ?

### सही कैरियर का चुनाव और मार्गदर्शन से पहले कुछ सवाल ?

- कैरियर को शुरू करने के लिए रास्ते?
- सोचे क्या वह कैरियर आपके लिए पूरा सटीक है या नहीं?




चलिए हम आपको थोड़ा विस्तार से बताते है। जैसे ही हम आपसे पूछेंगे आप जरूर सोचने लगेंगे कि कौन से कैरियर या व्यवसाय से आपको ज्यादा पैसे मिलेंगे। पर लोग यह नहीं सोचते की उस कैरियर या व्यवसाय से जुड़ने को अपनाने के बाद वह कैसे उस कैरियर के माध्यम से सफल हो सकते हैं या लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे।

कैरियर जीवन में एक ऐसा महत्वपूर्ण विषय है जिसका सही चुनाव करना बहुत ही जरूरी है। सही कैरियर मार्गदर्शन (Career Guidance) से ही आप अपने इच्छा अनुसार कैरियर के बारे में जान सकते हैं और यह भी जान सकते हैं कि क्या वह व्यवसाय या कैरियर आपके लिए सही है या नहीं । गलत कैरियर मार्गदर्शन से आपका जीवन बर्बाद हो सकता है । किसी भी व्यक्ति के जीवन में व्यवसाय ही ऐसा चीज है जिसके माध्यम से अत्यधिक ज्ञान के साथ-साथ वह पैसे कमा सकता है और अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है।

**सोचे क्या वह कैरियर आपके लिए पूरा सटीक है या नहीं ?**




चलिए हम आपको थोड़ा विस्तार से बताते है। जैसे ही हम आपसे ऊपर दिए गए प्रश्न पूछेंगे आप जरूर सोचने लगेंगे कि कौनसे कैरियर या व्यवसाय से आपको ज्यादा पैसे मिलेंगे । पर लोग यह नहीं सोचते की उस कैरियर या व्यवसाय से जुड़ने को अपनाने के बाद वह कैसे उस कैरियर के माध्यम से सफल हो सकते हैं या लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे ।

**बहुत सारे व्यक्ति अपना कैरियर चुनने से पहले निचे दिए गए 3 चीजों को भूल जाते हैं –**

- कोई भी कैरियर को चुनने के पश्चात होने वाली घटनाओं को ।
- कैरियर से होने वाली मुश्किलें ।
- अपने आपसे पूछना कि आखिर वह कैरियर किस पक्के कारण से उसके लिए सही है।

**सही करियर का चुनाव** – कुछ बेहेतरीन आदतें आपके Career को और भी बेहतरीन बनाने के लिए !

Career को चुनने और उसके सही मार्गदर्शन के विषय में जानने से पहने इन कुछ महत्वपूर्ण बातों को अमल में लाना बहुत ही जरूरी है। सबसे मुख्य बात सही करियर को चुनने समय यह है कि आप अपने करियर से कितने खुश हैं। Career वाही सही है जो दिल को सुकून दे। आपके लिए सही करियर का चुनाव आप और आपका ज्ञान स्वयं है। आपको वही करियर Suit करेगा जिसके विषय में आपको ज्ञान है और जिस क्षेत्र में आपको ज्यादा जानकारी है। जबरदस्ती में चुने हुए करियर से कभी भी सफलता नहीं मिलती। ऐसे चुनाव से मात्र मानसिक तनाव और जीवन बर्बाद होता है क्योंकि ऐसे लोगों को ना तो उस विषय में जानकारी होती है या ना तो वह सही तरीके से उस कार्य को कर सकते हैं।

किसी भी प्रकार के मुश्किल में शिक्षित और बड़े लोगों से पूछने में अपने आपको छोटा ना समझें। जितना हो सके अपने गुरुओं, परिवार के लोगों से या मित्रों की मदद लें। आपने Career के विषय में आप जितना ज्ञान बटोरेंगे उतना ही सफलता आपका करियर आपको प्रदान करेगा।अगर आप कोई नौकरी कर रहें हैं तो यह बहुत ही अच्छी बात है परन्तु उस नौकरी को जीवन भर के लिए ना अपनाएं। एक उद्यमी व्यक्ति बनें और दूसरों के लिए काम करना बंद करे।

**कैरियर के लिए छोटा मोटा रिस्क लेना चाहिए**

अपने कैरियर को सफल बनाने के लिए छोटा-मोटा Risk लेना कोई बड़ी बात नहीं। सही समय का इंतजार करना बेकार है क्योंकि जीवन में सफलता वही प्राप्त करते हैं जो हर समय सफलता प्राप्त करने के लिए भूखे रहते हैं। सफलता हर कदम में मौजूद है बस वह हमारा कुछ करना बाकि रहता है।

**कैरियर में सफल होना है ! तो अपने मन पर भरोसा रखो**

अगर कोई मुश्किल हो और कुछ समझमें ना आये तो धैर्य से काम लें और शांत मन से सोचें, हल जरूर निकलेगा। जब कभी भी जीवन में सफलता के रास्ते में अगर मुश्किलों का सामना करना पड़े तो जान लीजियेगा आप सही रास्ते में हैं। वैसे तो तर्क आपके निर्णय लेने में बहुत ही मददगार है परन्तु पुरे दिमाग से सही रूप से सोचने पर आपको संतुलित रूप से आपके मुश्किलों का हल मिलेगा और कैरियर में उन्नति दिलाएगा।

**अपना एक अच्छा नेटवर्क बनायें**

आज के इस युग में सफलता का मूल मन्त्र है अपना एक नेटवर्क बनाना(Network)। नेटवर्क का सबसे बड़ा फायदा है इससे आप ज्यादा से ज्यादा लोगों में अपनी पहचान कायम कर सकते हैं। लोग अगर आपको पहचानेंगे तो आपके व्यवसाय से जुडी बातों को भी जानेंगे।

ज्यादा से ज्यादा लोगों से नेटवर्क बनाने से आपके व्यापर में भी जल्द-जल्द मुनाफा होगा। यह कुछ इस प्रकार से है जितने कस्टमर उतना ही उत्पादों का बिक्री और व्यापर में मुनाफा।

**सोशल नेटवर्क से जुड़ें**

अगर आप आज के समय में सोशल मीडिया से नहीं जुड़ें हैं तो जान लीजिये कि आप दुनिया के हाल-चाल से रूबरू नहीं हैं। अगर आगे बड़ना है तो आज ही सभी सोशल नेटवर्किग वेबसाइट पर अपना और अपने व्यवसाय का data अपलोड करें।

सोशल मीडिया पर आप अपने मित्रों से जुड़ सकते हैं, अपने कैरियर या व्यवसाय से जुड़ी बातों को भी समझ सकते हैं तथा नेटवर्क भी क्रिएट कर सकते हैं। यह कुछ ऐसी बातें हैं जो आपको अपने कैरियर को सफल बनाने मैं जरूर मदद दिलाएगी।

# 10 खास बातें जानें दिमाग के बारे में ...



दिमाग की सबसे बड़ी खूबी है कि इसे कभी दर्द का अहसास नहीं होता क्योंकि असल में दर्द को महसूस करने के लिए दिमाग में कोई नर्व रिसेप्टर नहीं होते। इस वजह से सर्जन पेशेंट के दिमाग का ऑपरेशन तब भी कर लेते हैं जब मरीज होश में होता है। हम दर्द महसूस करते हैं नोसिसेप्टर नाम की एक नस के कारण जो रीढ़ की हड्डी से दिमाग तक जाती है और किसी तरह के खतरे का सिग्नल भेजती हैं।

हमारे दिमाग में लाख से ज्यादा रक्त वाहिकाएं होती हैं। शरीर की 17 प्रतिशत ऊर्जा का इस्तेमाल करके और बीस प्रतिशत ऑक्सीजन को इस्तेमाल करके, दिमाग दस से 23 प्रतिशत पॉवर बनाता है। यह उर्जा इतनी होती है कि एक बल्ब जल सके। हमारे दिमाग में इतनी क्षमता है कि हम पूरे एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका को पांच गुना बढ़ जाने के बाद भी रट सकते हैं।

जब एल्बर्ट आइंस्टीन की मृत्यु 1955 हुई, तो डॉ थॉमस हार्वे ने उनकी मृत्यु के साढ़े सात घंटे बाद ब्रेनेक्टोमी की और उनके दिमाग को संरक्षित कर लिया। साल 1978 में एक जर्नलिस्ट स्टेसी लेवी ने जांच कर बताया कि इतने सालों बाद भी उनके संरक्षित दिमाग का कुछ हिस्सा जिंदा था और एकदम ठीक भी।

दिमाग के दाएं और बाएं हिस्से के बीच के अंतर को जानते हैं? दिमाग का बायां हिस्सा हमें हर चीज को प्रैक्टिकल रूप से लेने के लिए बाध्य करता है वहीं दायां हिस्सा हमारी रचनात्मकता को पैदा करता है। ये दोनों एक साथ काम करते हैं और इससे भी बड़ी बात ये कि अगर आप अपने दिमाग का एक-चौथाई हिस्सा भी खो दें, फिर भी जीवित रह सकते हैं।

क्या आपको पता है कि औरतों के दिमाग की तुलना में मर्दो का दिमाग दस प्रतिशत बड़ा होता है। फिर भी महिलाओं के दिमाग में रक्त कोशिकाएं और कनेक्टर्स ज्यादा होते हैं, इस वजह से वह और बेहतरी से काम कर पाती हैं। औरतों के दिमाग में भावनात्मक पहलू भी ज्यादा काम करता है वहीं पुरुषों का लॉजिकल हिस्सा ज्यादा काम करता है।

क्या सिर के आकार का दिमाग से कोई संबंध है? ऐसा भी सोचा गया है कि क्या ऐसा वाकई है कि जिसका सिर जितना बड़ा उतना ही दिमाग भी और सिर जितना छोटा उतना ही दिमाग भी छोटा? लेकिन अब तक इन दोनों के बीच कोई ठोस संबंध नहीं निकाला जा सका है।

क्या आप जानते हैं हम हंसते क्यों हैं? केवल इंसानों को ही यह क्षमता प्राप्त है। पर हम ऐसा क्यों करते हैं, इसके बारे में कई कारण बताए जाते हैं, कोई एक वजह नही है। हालांकि इसका दिमाग से कोई संबंध है या नहीं, पता नहीं चला।

क्या आपको पता है कि हमारा दिमाग सोने के दौरान सबसे ज्यादा सक्रिय हालत में रहता है? क्योंकि उस समय हम सपने देखते हैं। एक स्टडी के मुताबिक सपने देखने से हम खुद को किसी बड़े सदमे से बचाते हैं और यह भी पाया गया है कि जिन लोगों का आईक्यू ज्यादा होता है वह लोग सपने ज्यादा देखते हैं।

हम सपने को वैसा मोड़ भी दे सकते हैं, जैसा कि हम चाहते हैं। ल्यूसिड ड्रीमिंग के बारे में जानते हैं? ये सपने देखने का वह तरीका होता है जिसमें इंसान पूरी तरह से नींद में नहीं रहता। वह ऐसे सपना देख रहा होता है जिसमें उसे पता रहता है कि वह सपने में है। फिर वह जो चाहे, उसे मोड़ दे सकता है।

एल्बर्ट आइंस्टीन को ज्यादा आईक्यू के लिए दुनिया जानती है। पर किम उंगयॉन्ग को भी सबसे ज्यादा आईक्यू होने वाले लोगों में गिना जाता है। जब वह आठ महीने के थे तभी उन्होंने एलजेब्रा पर महारथ हासिल कर ली थी। दो साल की उम्र तक वह चार भाषाओं के जानकार थे। उन्होंने यूनिवर्सिटी में एंट्री ही चार साल की उम्र में ले ली और पंद्रह बरस तक ग्रेजुएट हो चुके थे। साथ ही किम एक पेंटर और कवि हैं जोकि दक्षिण कोरिया में रहते हैं।

**तेजी से हो रहे बदलाव के चलते आप को जितनी अधिक भाषाएं आएं उतना बेहतर है। हर दिन आपको भी लगता है कि अगर आप को एक और भाषा आती तो बहुत बेहतर होता। चाहे वह कोई क्षेत्रीय भाषा हो या चाहते हैं किसी विदेशी भाषा पर अधिकार, आपको ऐसे तरीके पता होना चाहिए जिससे आप बहुत ही जल्दी कोई भी नई भाषा सीख सकते हैं।**

या आप भी उनमें से हैं जिन्हें अंग्रेजी बोलने में मुश्किल लगती है। आइए जानिए ऐसे बेहद कारगर उपाय जो आपको अंग्रेजी बोलने, लिखने और पढ़ने में बेहतरीन बना देंगे। तो फिर देर किस बात की, जानिए इन आसान उपायों को।




# 7 दिन में सीखिए कोई भी भाषा इन तरीकों से

### 1. अपने पास उस भाषा की एक डिक्शनरी रखें

आप भाषा सीखने की कोशिश कर रहे हैं। इसके शब्द आपको आना चाहिए। अपने साथ डिक्शनरी लेकर चलें। जैसे ही मौका मिले, भाषा के किसी शब्द में मुश्किल आने पर डिक्शनरी का उपयोग करें।

### 2. नई भाषा के हर क्षेत्र से परिचित हों

आप नई भाषा सीखने की कोशिश कर रहे हैं। इसे लिखने, पढ़ने, बोलने और सुनकर समझने की आवश्यकता को समझे। जितना भी समय आपने नई भाषा के लिए तय किया है उसके लिए इन चारों चीजों को समय दें।

### 3. व्याकरण सीखें

किसी भी भाषा को सीखने के पहले से तैयारी शुरू करें। उसकी व्याकरण को समझें। साथ ही ऐसी किताब ले आएं जिसमें कुछ खास रोजमर्रा के वाक्य दिए हैं। इन वाक्यों को याद कर लें। जब भी मौका मिले इन्हें बोलें। बाकी की भाषा भी आप धीरे धीरे सीख जाएंगे।

### 4. गिनती, अभिवादन और चीजें मांगना सीखें

अपनी नई भाषा की गिनती, उसमें दूसरों से अभिवादन और चीजें मांगना सीखें। ऐसा कर 7 दिन के भीतर ही उसे बोलने लगेंगे। इसके अलावा भाषा सीखना धीरे धीरे हो जाएगा।

### 5. उच्चारण के लिए उस भाषा को बोलने वालों को सुने

हर भाषा अलग है। उसका सही उच्चारण उसे बोलने वाले ही करते हैं। बाजार में और इंटरनेट पर ऐसे सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं जो आपकी लिखी बात को सही उच्चारण में पढ़ देते हैं। इन्हें जरूर आजमाएं। सही उच्चारण बेहद जरूरी है।

ये सभी तरीके बेहद कारगर हैं। आपको अपनी भाषा चुनकर, इन तरीकों पर अमल करना है। ये बहुत जल्दी ही आपमें आत्मविश्वास और सही भाषा भर देंगे। आपको परिणाम बेहद रोमांचित कर देंगे और नई भाषा पर जल्दी ही आपका अधिकार होगा।

# बिजनेस प्लान क्या होता है और इसे कैसे बनाएं?




**बिजनेस प्लान एक ऐसा डॉयूमेंट है जो किसी नए बिजनेस से रिलेटेड " या", " यों", और "कैसे" जैसे प्रश्नों का उार देता है। हमारा बिजनेस या है? हम ये बिजनेस यों कर रहे हैं? हम इसे कैसे करेंगे? etc.**

एक बिजनेस प्लान किसी बिजनेस को, उसके ओब्जेक्टिव्स को, उसकी strategies को, वो किस मार्केट में में काम कर रहा है और उसके financial forecast क्या हैं बताता है। बिजनेस प्लान बताता है कि नए बिजनेस का गोल क्या है और उसे कैसे अचीव किया जाएगा। बिजनेस प्लान एक तरह से किसी बिजनेस के गाइड या रोडमैप की तरह है, जो चीजों को ट्रैक पर रखने में मदद करता है।

आमतौर पर बिजनेस प्लान किसी नए वेंचर के लिए बनाया जाता है लेकिन अगर कोई एग्जिस्टिंग बिजनेस कुछ नया कर रहा है तो वो भी बिजनेस प्लान बनाकर आगे बडता है।

दोस्तों जब भी कोई नया बिजनेस शुर करता है तो जरूर उसको लेकर कुछ प्लानिंग करता है। वो सोचता है कि मेरा बिजनेस क्या होगा? मैं कहाँ से ये बिजनेस करूँगा? मेरे कस्टमर कौन होंगे? इसमें इन्वेस्टमेंट कितनी लगेगी? हम अपने बिजेनस की मार्केटिंग कैसे करेंगे? हमारा लक्ष्य क्या होगा?, etc. लेकिन बहुत से लोग इन चीजों को प्रोपेर्ली डॉक्यूमेंट नहीं करते। बिजनेस प्लान दरअसल इन्ही बातों को formally document करना है।

यहाँ ये भी क्लियर करना जरूरी है कि बिजनेस प्लान सिर्फ start-ups ही नहीं बनातीं, बल्कि established businesses भी किसी भी स्टेज पर एक बिजनेस प्लान बना सकते हैं, खासतौर पे जब उन्हें अपना business e&pand करने के लिए फंडिंग की जरूरत हो।

ये भी ध्यान रखिये कि बिजनेस प्लान में लिखी बातें पत्थर की लकीर नहीं हैं, समय समय पर परिस्थितियों के हिसाब से बिजनेस प्लान में बदलाव किया जा सकता है।

कुछ लोग सोच सकते हैं कि आखिर इसकी जरूरत क्या है? तो वे ये जान लें कि स्टडीज में पाया गया है कि जो बिजनेस एक अच्छे बिजनेस प्लान के साथ शुरू होते हैं उनकी सक्सेस होने के चांसेज 30% तक बड जाते हैं।

### आइये जानते हैं कि बिजनेस प्लान की आवश्यकता क्या है?

- बिजनेस प्लान आपको अपने गोल्स पर फोकस्ड रहने में मदद करता है।
- एक अच्छा बिजनेस प्लान बताता है कि अगले दो-तीन सालों में आपके key objectives क्या-क्या होंगे?
- उन ओब्जेक्टिव्स को अचीव करने के लिए आपकी स्ट्रेटेजी क्या होगी और आपकी priorities क्या होंगी?
- इन चीजों के अनुसार आप किसी भी समय evaluate कर सकते हैं कि आप जिस direction में बड रहे हैं वो सही है या अपना course change करने की जरूरत है।
- बहुत से लोग सोचते हैं कि बिजनेस प्लान का रोल बस e&ternal funding लेने में होता है। Of course potential investors, banks, venture capitalist आपके आईडिया में पैसा लगाने से पहले बिजनेस प्लान जरूर मांगते हैं, लेकिन अगर आप self-funded हैं तो भी आपको बिजनेस प्लान जरूर बनाना चाहिए। ऐसा करने का सबसे बडा फायदा है कि आपके खुद के दिमाग में clarity आती है कि आप क्या और कैसे करना चाहते हैं।

**नीचे दिए गए institutions या लोग आपसे बिजनेस प्लान मांग सकते हैं-**

- किसी तरह की grant देने वाले
- आपका बिजनेस खरीदने में इंटरेस्टेड लोग
- ऐसा व्यक्ति या लोग जो आपके बिजनेस पार्टनर बनना चाहते हैं
- Government agencies या officers
- Business Plan बिजनेस का overview देने और आप कैसा परफॉर्म कर रहे हैं, ये demonstrate करने के लिए एक बहुत बडिया टूल है।



# मलयामल सीरीज में नजर आएंगी नीना गुप्ता

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री नीना गुप्ता अपनी अदाकारी के चलते अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। बेशक वह एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं। नीना गुप्ता बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। उन्होंने सिनेमा के पर्दे पर अपनी भूमिकाओं से दर्शकों के दिल को छुआ है। साल 1982 में अपनी पहली फिल्म आधारशिला से लेकर 1994 में वो छोकरी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने तक, नब्बे के दशक के टीवी सीरीज 'सांस' के साथ एक अभिनेत्री और निर्देशक के रूप में उन्होंने हमेशा दर्शकों का मनोरंजन किया है। बीच में कुछ सालों फिल्मी दुनिया से दूर रहने के बाद नीना ने साल 2018 में कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'बधाई हो' में एक मध्यम आयु वर्ग की गर्भवती महिला की भूमिका निभाकर अपने करियर को फिर से पटरी पर ला दिया, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। अपनी दूसरी पारी शुरू करने के बाद वह काफी व्यस्त रहीं। अब अभिनेत्री ने अपनी नई परियोजना को लेकर खुलासा किया है।

### 'पंचायत' सीरीज के लिए मिली सराहना

अपनी दूसरी पारी में नीना गुप्ता को सबसे अधिक सराहना पंचायत सीजन 3 के लिए मिली। एक ग्रामीण प्रधान महिला की सशक्त भूमिका में उन्हें खूब पसंद किया गया। दर्शकों ने उनके किरदार से अलग तरह का जुड़ाव महसूस किया। दिलचस्प बात ये है कि अब अभिनेत्री के पास कुछ बड़े प्रोजेक्ट्स भी हैं, जो जल्द ही रिलीज होंगे। मलयालम सीरीज में दिखेंगी नीना एएनआई से बातचीत में नीना गुप्ता ने खुलासा किया कि उनकी आने वाली परियोजनाओं में से एक मलयालम सीरीज भी है। उन्होंने संभावित शीर्षक वाली फिल्म मेड इन इंडिया में रकुल प्रीत सिंह के साथ काम करने के बारे में भी बात की। अभिनेत्री ने कहा मैंने एक मलयालम सीरीज की है जो बहुत जल्द डिज्नी+ हॉटस्टार पर आएगी। साथ ही, मैंने रकुल प्रीत सिंह के साथ एक फिल्म की है। अब तक, फिल्म का नाम मेड इन इंडिया है, लेकिन इसे बदला जा सकता है। मैं फिल्म बा का भी हिस्सा हूं।'



# मनोरंजन उद्योग में नेटवर्किंग और रिश्ते बेहद महत्वपूर्ण

अपने करियर पर बात करते हुए एक्ट्रेस सुम्बुल तौकीर ने कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल अपनी क्षमताओं को बढ़ाने की ओर काम कर रही है। काव्या - एक जज्बा, एक जुनून में मुख्य भूमिका निभाने वाली सुम्बुल ने बताया कि मैं हर अनुभव से सीखने और अपने कौशल को बेहतर बनाने के लिए काम करती हूं। आजकल मैं अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ अपने काम में भी सुधार लाने की कोशिश कर रही हूं। उन्होंने कहा कि ये कौशल मुझे बेहतर प्रदर्शन करने और उद्योग में विभिन्न भूमिकाओं और चुनौतियों के लिए लचीला बने रहने में मदद करते हैं। एक्ट्रेस को लगता है कि मनोरंजन उद्योग में सामाजिक होना बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे नए कनेक्शन और संपर्क बनाने में मदद मिलती है। सुम्बुल ने बताया कि मनोरंजन उद्योग में नेटवर्किंग और रिश्ते बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे हमें नए अवसरों और सीखने की ओर ले जाते हैं। मुझे लगता है कि यह केवल संपर्क बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि रिश्तों को स्वीकार करने के बारे में भी है। एक्ट्रेस ने इस बात पर जोर दिया कि मनोरंजन उद्योग में तालमेल बैठाना बेहद ही आवश्यक है क्योंकि यहां चीजें तेजी से बदलती हैं। उन्होंने कहा कि मैं नए विचारों के साथ खुला रहना चाहती हूं, लगातार अपने कौशल में सुधार करना चाहती हूं और अलग-अलग भूमिकाएं और चुनौतियां लेना चाहती हूं। मुझे पता है कि असफलताएं यात्रा का हिस्सा हैं, लेकिन मैं उन्हें सीखने और आगे बढ़ने के अवसरों के रूप में देखती हूं। मुझे लगता है कि मजबूत बने रहने और अपने लक्ष्यों और विश्वासों को ध्यान में रखते हुए मैं और भी मजबूती से वापसी कर सकती हूं। एक्ट्रेस ने कहा कि प्रासंगिक बने रहना कठिन हो सकता है। इसलिए मैं हमेशा सुर्खियों में बने रहने के दबाव के बजाय अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करती हूं। मैं अच्छा काम और सार्थक प्रोजेक्ट लेकर अपने लिए एक स्थायी करियर बनाना चाहती हूं। अंत में मुझे लगता है कि यह सब वास्तविक होने, महत्वाकांक्षी बने रहने और अपने काम को बोलने देने के बारे में है।



# अभिनय में ही नहीं सिंगिंग में भी इन हसीनाओं का जवाब नहीं, सुरों का चलाया है जादू

बॉलीवुड इंडस्ट्री बहुमुखी प्रतिभाओं से भरी पड़ी है। अभिनेता और अभिनेत्रियों के पास अभिनय के अलावा भी कई तरह के टैलेंट हैं। उनमें से एक है गायन। कई अभिनेता हैं जो बेहतरीन गायक भी हैं। इसी तरह कई अभिनेत्रियां हैं जो बहुत ही अच्छा गाना गाती हैं। आज हम ऐसी ही अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे, जो अच्छे अभिनय के साथ-साथ बेहतरीन गाना भी गा लेती हैं। इस लिस्ट में कई मशहूर और बेहतरीन अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं।

### सोनाक्षी सिन्हा

सोनाक्षी सिन्हा ने अपना सिंगिंग डेब्यू मीत ब्रदर्स के गाने 'आज मूड इश्कहोलिक है' से किया है। इसके अलावा सोनाक्षी सिन्हा ने फिल्म 'तेवर' में भी एक गाना गाया था।

### आलिया भट्ट



आलिया भट्ट बॉलीवुड की बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्री हैं। वह ना सिर्फ अभिनय में बल्कि फैशन सेंस और सिंगिंग में भी अव्वल हैं। वह एक सुरीली आवाज की मालकिन हैं। उन्होंने फिल्म हाईवे में 'साहा' गीत गाया है।

### श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर अपनी मासूमियत भरी खूबसूरती और अभिनय के लिए जानी जाती हैं। वह हर तरह के रोल में फिट बैठ जाती हैं। श्रद्धा कपूर ने अपनी दो फिल्मों में गाना भी गाया है। उन्होंने 'आशिकी 2' और 'एक विलेन' जैसी फिल्मों में गीत गाए हैं।

### श्रुति हासन

दिग्गज अभिनेता कमल हासन की बेटी और अभिनेत्री श्रुति हासन भी कमाल का गाना गाती हैं। श्रुति ने कई फिल्मों में गाने गाए हैं जो काफी हिट भी हुए हैं। श्रुति अक्सर स्टेज पर शो भी करती रहती हैं।



# रोस्ट शो में शामिल होने को कुशा ने बताया नौसिखिया गलती

कुशा कपिला एक अभिनेत्री और जानी मानी कंटेंट क्रिएटर हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। वह अपने इंस्टाग्राम पर अलग-अलग तरह के वीडियो पोस्ट करती हैं, जिस पर उनके फैंस काफी प्रतिक्रियाएं भी देते हैं। बीते दिनों वह काफी चर्चा का विषय बन गई थीं, जब यूट्यूब पर उनका एक रोस्ट वीडियो जारी हुआ था। हाल में ही वह एक रोस्ट शो में गई थीं, जिसमें कई कॉमेडियन्स ने उनके ऊपर जोक्स बनाए थे, जो ज्यादातर उनके पूर्व पति जोरावर सिंह अहलूवालिया से हुए उनके तलाक पर आधारित थे। इसके बाद से ही वह विवादों में घिर गई थीं। इस वीडियो के बाहर आते ही कुशा लगातार ट्रोल होने लगी थीं। इस दौरान उनकी कई महिला और समलैंगिक फैंस ने भी इस शो में उनकी भागीदारी को लेकर आलोचना की। अब इन आलोचनाओं के जवाब में अभिनेत्री ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि उन्हें लेकर बोले गए जोक्स काफी अमानवीय थे और उनके साथ पहले साझा नहीं किए गए थे। हाल में ही हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक बयान में उन्होंने कहा है कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि शो में इस तरह के जोक्स होंगे। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि उन्हें पहले स्क्रिप्ट का अनुरोध करना चाहिए था। हालांकि, उन्होंने ऐसा नहीं किया, क्योंकि इसमें उनके दोस्त शामिल थे। अभिनेत्री ने इसे नौसिखिया गलती करार देते हुए कहा कि उन्हें स्क्रिप्ट पहले मांग लेनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि सामने बैठी ऑडियंस और तकनीशियन के सामने उन्होंने ये कठोर जोक्स बर्दाश्त किए, लेकिन लाखों लोगों तक इसके पहुंचने के विचार से वह असहज थीं। उन्होंने कहा कि कुछ जोक्स तो बेहद अमानवीय और चौंकाने वाले थे। अभिनेत्री ने कहा कि अगर उन्होंने इसे प्रसारित होने से रोका होता, तो उन्हें कायर कहा जाता और ट्रोल किया जाता। सोशल मीडिया पर उन्हें ऐसे जोक्स की हकदार बताया गया। इस पर अफसोस जताते हुए उन्होंने कहा कि एक तलाकशुदा महिला के रूप में उन्हें पहले ही इसका अनुमान लगा लेना चाहिए था।



# आभास हो गया था कि किल के बाद अभिनय के दरवाजे खुल जाएंगे

राघव जुयाल टीवी जगत के नामी चेहरा रहे हैं, जो कई फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। टीवी पर वह कई शोज मे डांसिंग और मेजबानी करते नजर आए हैं। इन दिनों वह अपनी हालिया रिलीज फिल्म किल के लिए चर्चा में हैं। इस फिल्म में वो अपने अब तक अपने सबसे अलग किरदार में नजर आए हैं। फिल्म दर्शकों को काफी पसंद भी आ रही है। अब राघव ने कहा है कि उन्हें पहले से पता था कि किल के बाद उनके लिए अभिनय के दरवाजे खुल जाएंगे।

### किल में अपने किरदार पर बोले राघव जुयाल

भारत की अब तक की सबसे हिंसक फिल्म बताई जा रही इस फिल्म किल ने तीसरे हफ्ते में भी सिनेमाघरों में धूम मचाई हुई है। इसमें लक्ष्य और तान्या मानिकतला भी हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। अभिनेता ने साक्षात्कार में बताया, ऑडिशन देते समय मुझे महसूस हुआ कि यह किरदार इस इंडस्ट्री में एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए दरवाजे खोलने वाला है और ऐसा हुआ भी। सभी को यह पसंद आया और मुझे काफी अच्छी समीक्षाएं मिलीं। किल आर्मी कमांडो अमृत की कहानी है, जो उस ट्रेन में चढ़ता है, जिसमें उसकी गर्लफ्रेंड और उसका परिवार भी यात्रा कर रहा होता है। हालांकि, चीजें तब गड़बड़ हो जाती हैं जब फानी और उसका गिरोह ट्रेन में घुस जाता है और यात्रियों को बेरहमी से मारना शुरू कर देता है। दर्शकों को फौजी के किरदार में लक्ष्य और विलेन के रूप में राघव का अभिनय काफी पसंद आ रहा है। कुछ दर्शकों ने सोशल मीडिया पर फिल्म के अगले भाग की मांग करनी भी शुरू कर दी है। दर्शकों को यह फिल्म काफी पसंद आ रही है।





# रायन की रिलीज से पहले धनुष की नई फिल्म की घोषणा!

बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों में अपने अभिनय से सभी का दिल जीत चुके अभिनेता धनुष रायन की रिलीज का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रायन की रिलीज से पहले धनुष की एक और आगामी फिल्म की घोषणा हो चुकी है, जिसने प्रंशसकों के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया है। इस बात का खुलासा साउथ के प्रसिद्ध अभिनेता प्रकाश राज ने एक समारोह के दौरान किया। धनुष के निर्देशन में बनी फिल्म रायन का ट्रेलर मंगलवार 16 जुलाई को रिलीज किया गया था। फिल्म में उनके अलावा संदीप किशन, कालिदास जयराम, एसजे सूर्या, वरलक्ष्मी सरथकुमार और अपर्णा बालमुरली मुख्य भूमिकाओं में हैं। बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में अपने अभिनय का दमखम दिखा चुके अभिनेता धनुष की निर्देशन और अभिनित फिल्म रायन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में काफी सस्पेंस-थ्रिलर के साथ धमाकेदार एक्शन भी देखने को मिला। धनुष की यह फिल्म 26 जुलाई को सिनेमाघरों में तीन भाषाओं में रिलीज होगी। रायन को तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 2017 की फिल्म पा पांडी के बाद रयान धनुष की दूसरी निर्देशित फिल्म है और बतौर अभिनेता यह उनकी 50वीं फिल्म है। धनुष अपनी आगामी पैन-इंडियन एक्शन ड्रामा, रायन के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसमें तेलुगु अभिनेता संदीप किशन महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। हैदराबाद में कल रात रायन के लिए तेलुगु प्री-रिलीज इवेंट हुआ, जिसमें धनुष कई कलाकारों और क्रू सदस्यों के साथ शामिल हुए। इस इवेंट के दौरान, प्रकाश राज ने खुलासा किया कि धनुष खुद और नित्या मेनन को मुख्य भूमिका में लेकर एक नई फिल्म का निर्देशन करने का प्लान बना रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो धनुष की आगामी फिल्म में नित्या मेनन और प्रकाश राज लीड रोल में नजर आएंगे। पिछली बार तीनों स्टार्स ने थिरुचित्रम्बलम में साथ काम किया था।

# अक्षय कुमार ने फिल्म खेल खेल में का प्रमोशन किया शुरू

**खेल खेल में इस साल 15 अगस्त को रिलीज होगी। इसकी घोषणा अक्षय ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा कर दी है और साथ ही लिखा, यारों वाला खेल, यारी वाली पिक्चर, बैंड बाजे के माहौल में, बैंड बजाने वाली पिक्चर।**

अक्षय के अलावा फिल्म की पूरा स्टारकास्ट ने फिल्म खेल खेल में की एक छोटी वीडियो क्लिप सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की है। निर्देशन मुदस्सर अजीज की फिल्म में अक्षय और तापसी के अलावा फरदीन खान, वाणी कपूर, एमी विर्क, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे हालांकि, फिल्म का प्रमोशन एक दिन पहले ही शुरू होना था लेकिन भूषण कुमार की चचेरी बहन तिशा कुमार के अंतिम संस्कार की वजह से इसे टाल दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले इस फिल्म को सितंबर में रिलीज किया जा रहा था, लेकिन अब इसे स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा रहा है।



नोएडा क्राइम फाइल

## एटीएम बूथ पर बदल दिया कार्ड, खाते से निकाले पैसे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एटीएम बूथ में पैसा निकालने गए एक व्यक्ति का जालसाज ने धोखाधड़ी से एटीएम बदल दिया। एटीएम बदलने के कुछ देर बाद में पीड़ित के खाते से पैसे निकाल लिए। पीड़ित ने थाना सेक्टर-24 में मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से जनपद औरैया निवासी सुरेश चंद्र ने गाजीपुर ने बताया कि वह हाल में सेक्टर-10 में रह रहा है। 30 जून को वह सेक्टर-34 के एटीएम बूथ से पैसे निकालने गया था। इस दौरान उसके पीछे खड़े एक युवक ने उसे अपनी बातों के जाल में फंसा लिया और धोखाधड़ी से उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। एटीएम से पैसे ना निकलने पर वह वापस लौट आया। कुछ देर बाद उसके मोबाइल फोन पर खाते से पैसे निकालने का मैसेज आया। इस पर उसने अपने एटीएम कार्ड की पड़ताल की तो पता चला कि उक्त व्यक्ति ने धोखाधड़ी से उसका कार्ड बदल दिया है।

## उद्यमी का लैपटॉप व डेढ़ लाख रुपये लेकर फरार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उद्यमी की फैक्ट्री में काम करने वाला मजदूर डेढ़ लाख रुपए व लैपटॉप लेकर फरार हो गया। उद्यमी ने थाना सेक्टर-24 में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-12 डी ब्लॉक में रहने वाले सचिन मित्तल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी सेक्टर-11 में फैक्ट्री है। फैक्ट्री में विकास द्विवेदी नाम का व्यक्ति उनके यहां नौकरी करता था। कुछ समय में उसने उनका विश्वास जीत लिया। इस कारण वह उससे पैसे व अन्य कीमती सामान घर में ऑफिस से मंगवाने लगे। 21 जुलाई को उन्होंने घर से विकास द्विवेदी से अपना पर्स व लैपटॉप मंगवाया था। पर्स में डेढ़ लाख रुपए रखे हुए थे। विकास द्विवेदी ने उसे पर्स लाकर दे दिया। इस पर उन्होंने पर्स व लैपटॉप को ऑफिस की अलमारी में रखने के लिए कहा। कुछ समय बाद विकास द्विवेदी ऑफिस से पर्स व लैपटॉप लेकर फरार हो गया। थाना प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसके तलाश की जा रही है।

## लुटेरों की टीम पर लगाया गैंगस्टर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 पुलिस ने लूटपाट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के चार सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। पकड़े गए आरोपी संगठित गिरोह बनाकर लूट व चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि आशीष पुत्र जोर सिंह, फिरोज अहमद पुत्र नियाज अली, अमित उर्फ भूपेंद्र पुत्र राज बहादुर सिंह व दिनेश उर्फ मुलायम उर्फ राजा उर्फ़ श्रीपति सिंह तथा सन्नू अली उर्फ अजमेर अली पुत्र मुस्ताक अली के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध किए गए आरोपी संगठित गिरोह बनाकर लूट व चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। इस गिरोह का सरगना आशीष है। आरोपियों ने पूर्व में लूट व चोरी की दर्जनों घटनाओं को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 की धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## भाजपा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा से मिले राजेंद्र पंडित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ब्राह्मण समाज समिति भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी राजेंद्र पंडित ने



उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा से मुलाकात की।

इस दौरान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और मिर्जापुर विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने राजेंद्र पंडित से इन विधानसभा सीटों पर ब्राह्मण समाज को भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए एकजुट करने की अपील की। राजेंद्र पंडित ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा भाजपा के साथ है और भाजपा के साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद और मिर्जापुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश और देश में जो विकास कार्य कर रही है वह विकास कार्य आज तक नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारी आपके निर्देश पर चुनाव में एकजुट हो चुके हैं।

## जेवर के विधायक की अच्छी पहल युवाओं के रोजगार के लिए उठाया कदम

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जेवर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक धीरेन्द्र सिंह ने जनपद गौतमबुद्धनगर में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के बच्चों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के उददेश्य से एक अच्छी पहल की है। विधायक ने तीनों प्राधिकरणों से क्षेत्रीय युवाओं के लिए रोजगार पोर्टल की शुरूआत करने के लिए कहा है।



जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों प्राधिकरणों द्वारा किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, जिन पर बड़ी-बड़ी परियोजनाएं और औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हो रही है, लेकिन भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के परिवारों का कल्याण और जीवन यापन भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना विकास की योजनाएं। साथ ही तीनों प्राधिकरणों को किसानों के बच्चों को रोजगार दिलवाए जाने के लिए प्राधिकरणों में एकल विंडो बनाए जाने के प्रयास किए जाने के लिए तीनों प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों से वार्ता की गई है।

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों को एक पत्र लिखते हुए कहा कि जनपद की तीनों प्राधिकरण अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर, उन किसानों के बच्चों के लिए एक रोज़गार पोर्टल की शुरुआत करें, जिनकी जमीनों का प्राधिकरणों ने विकास के लिए अधिग्रहण किया है। इस रोजगार पोर्टल से किसानों के बेरोजगार युवाओं को कंपनियों में नौकरी के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे इन युवाओं के साथ-साथ उनके परिवारों का जीवन यापन का स्तर उन्नत होगा।

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधिकारियों से इस प्रस्ताव पर वार्ता करते हुए सकारात्मक निर्णय लिए जाने को लेकर आश्वस्त भी किया है।

## पड़ोसी भगा ले गया नाबालिग किशोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के वाजिदपुर गांव से पड़ोस में रहने वाला एक युवक नाबालिग किशोरी को भगाकर ले गया। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वाजिदपुर गांव में किराए पर रहने वाली मंजू (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके पति की कुछ वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। वह अपने बच्चों के साथ किराए पर रह रही है। पड़ोस में रहने वाला धर्मेंद्र पुत्र वीरपाल उसकी (15 वर्षीय) बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। उसने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी का कहना है कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

## 'क्लीन नोएडा' में सड़कें गंदी और टूटी हुई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 'स्वच्छ भारत मिशन' में लगातार अपनी रैकिंग में सुधार के लिए प्रयास कर रहे नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी नोएडा की सड़कों पर उतर





कर निरीक्षण कर रहे हैं। लेकिन इन अधिकारियों के सामने जो हकीकत आ रही है वह निराशाजनक है। 'क्लीन नोएडा' में जगह-जगह टूटी सड़कें और गंदगी पड़ी हुई है।

नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने नोएडा क्षेत्र के एमपी-1 मार्ग रोड, नं0-6 खोड़ा रोड, सेक्टर-62, 63, 122 ग्राम सर्फाबाद और बरौला का अधिकारियों के साथ दौरा किया। इस दौरान उन्हें एमपी मार्ग तथा सेक्टर-16 के एंट्री प्वाइंट पर हॉर्टीकल्चर वेस्ट मिला। सेक्टर-16 के समीप रजनीगंधा के पास सड़क पर गंदगी मिली, सेक्टर-12 स्थित स्कूल के बाहर रोड टूटी हुई पाई गई, खोड़ा रोड पर पानी भरा था। निरीक्षण के दौरान एसीईओ को खोड़ा रोड पर खुले नाले, सेक्टर-63 एच-11 में पानी जमा हुआ तथा सेक्टर-63 के सेंट्रल वर्ज में गंदगी पड़ी दिखी। इसके अलावा सेक्टर-56 डीएवी स्कूल के बाहर की रोड गंदी थी। सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के नीचे भी कूड़े का ढ़ेर मिला। सेक्टर-71 स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर से पहले रोड पर सी एंड डी वेस्ट व सेक्टर-122 के निकट यू-टर्न गंदे पाये गये। सेक्टर-122 में विद्युतीकरण के लिए केबल डालकर टाइल्स उखाड़ी गई थी। प्राधिकरण के एसीईओ ने इस लापरवाही पर उन्होंने वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत यांत्रिकी-3) का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान एस.पी. सिंह, उप महाप्रबन्धक,/ वरि. परि. अभियन्ता (जन स्वा.),गौरव बंसल, परियोजना अभियन्ता (जन स्वा.- II), आर.के.शर्मा, परियोजना अभियन्ता (जन स्वा.- II), उमेश चन्द्र, सहायक परियोजना अभियन्ता (जन स्वा.- I), के.वी. सिंह, वरिष्ठ प्रबन्धक (वर्क सर्किल-6), राजकमल, वरिष्ठ प्रबंधक (वर्क सर्किल-3) अरूण कुमार, सहायक परियोजना अभियन्ता (जन स्वा.- I), सुशील कुमार, सहायक परियोजना अभियन्ता (जन स्वा.- II), राहुल कुमार, सहायक परियोजना अभियन्ता (जन स्वा.- II) उपस्थित रहे।




# एनिमल शेल्टर का निर्माण बना सिरदर्द

● दीप चौधरी

**नोएडा।** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण जिसे हम सब नोएडा के नाम से जानते है वह नोएडा आज एक बड़ा आईटी हब बन चुका है। नोएडा मल्टीनेशनल कंपनियों की पहली पसंद है। इसका एक कारण नोएडा की बेहतर कनेक्टिविटी और यहाँ मिलने वाली सुविधाएँ हैं। बीते कुछ सालों में हज़ारों बड़े निवेशकों ने नोएडा में औद्योगिक प्लॉट ख़रीदे है। औद्योगिक सेक्टरों के साथ साथ नोएडा के आवासीय सेक्टरों में भी काफ़ी विकास हुआ है। इन आवासीय सेक्टरों में से आज हम बात करेंगे नोएडा के सेक्टर-117 के बारे में।

नोएडा का सेक्टर-117 आवासीय सेक्टर FNG एक्सप्रेसवे पर स्थित है। सेक्टर के पास आने जाने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी होने की वजह से यह सेक्टर लोगों को अपना आशियाना बनाने के लिए पहली पसंद बन चुका है। सेक्टर के पास ही 24 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया मास्टर ग्रीन पार्क है। इस पार्क को 44.22 एकड़ जमीन में बनाया गया है। इस पार्क में कैफेटेरिया, एम्फीथिएयर, क्रिकेट फील्ड, लॉन, दुकानें, हेथेन विलेज और पार्किंग की सुविधाएँ है।




### यह है RWA का परिचय

सेक्टर 117 RWA की एक पूरी टीम सेक्टर के विकास के काम में पूरी जुटी हुई है इनमें अध्यक्ष कोसिन्दर यादव (एडवोकेट), उपाध्यक्ष पंकज शर्मा,तेजवीर सिंह, डॉ. सुमित गुप्ता, राकेश यादव, डॉ अभिषेक सिंह, सुन्दर यादव, कोषाध्यक्ष ए.के.पाठक, सचिव रामेश्वर शर्मा, सोनी झा, एचएम जखमोला, अजय शुक्ला, रविंदर यादव, रितु दुग्गल, आकाश त्यागी, डॉ. आरपी यादव, दविंदर सिंह, गुड्डू शर्मा, संदीप धर्मानी तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जीसी शर्मा, बालेश्वर यादव, करतार प्रधान, सुशील शर्मा, अजय गर्ग, हरविलाश वर्मा, मुकेश यादव, डॉ. गुरदीप कौर, अरुण राघव, राकेश वर्मा, गौरव यादव, प्रदीप दलाल रवि पांचाल व विनोद यादव शामिल हैं।

## रिहाईश के पास न बने एनिमल शेल्टर


"नोएडा सेक्टर -117 RWA के अध्यक्ष कोसिंदर यादव ने बताया कि सेक्टर की सबसे बड़ी मुख्य समस्या एनिमल शेल्टर बनने का है। RWA के अध्यक्ष कोसिंदर यादव ने बताया कि सेक्टर से लगती हुई ज़मीन पर नोएडा प्राधिकरण जल्द ही पशु आश्रय बनाने जा रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि पशु आश्रय के निर्माण से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है पर अगर यहाँ पशु आश्रय बनता है तो आसपास के ब्लॉक में रहने वाले लोगों का जीना दूभर हो जाएगा। श्री यादव ने बताया कि पशु आश्रय जिस प्लॉट पर प्रस्तावित है उसी के बग़ल में सेक्टर का सामुदायिक केंद्र भी है। पशु आश्रय से आने वाली दुर्गंध और शोर से निवासियों का जीना मुहाल हो जाएगा। श्री यादव ने बताया कि अगर नोएडा प्राधिकरण ने अपना फ़ैसला नहीं बदला तो दुर्गंध और शोर से चिंतित निवासियों को मजबूरन अपने खून-पसीने की कमाई से बनाया हुआ घर बेचकर इस सेक्टर से जाना पड़ेगा।





### बंद बिल्डर प्रोजेक्ट बना सिरदर्द

सेक्टर -117 RWA के अध्यक्ष कोसिंदर यादव ने बताया कि सेक्टर की दूसरी मुख्य समस्या 10 साल से वीरान और बंद पड़ा बिल्डर का प्रोजेक्ट है। अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि यह बंद पड़ा बिल्डर का प्रोजेक्ट सेक्टर के नागरिकों के लिए सिर दर्द बन गया है। श्री यादव ने बताया कि यह ज़मीन विवादित है। ज़मीन की बाउंड्री वॉल न होने से आये दिन सेक्टर में एक नई समस्या उत्पन्न हो जाती है। आवारा पशुओं और आसामाजिक तत्वों की एंट्री सेक्टर में यही से होती है। यह ज़मीन सेक्टर का स्वरूप बिगाड़ने का काम कर रही है। श्री यादव ने बताया कि बाउंड्री वॉल न होने से चोरों के निशाने पर यह सेक्टर है। चोर रात के अंधेरे में इस ज़मीन से सेक्टर में घुसकर चोरी और बड़ी आपराधिक वारदातों को अंजाम दे सकते है।





"नोएडा सेक्टर-117 RWA के उपाध्यक्ष डॉ सुमित गुप्ता ने बताया कि कुछ लोग सेक्टर में अवैध रूप से रेस्टोरेंट (कैफ़े) (व्यावसायिक गतिविधियों) चला रहे है। इन लोगों ने सेक्टर की सुंदरता का सत्यानाश कर दिया है। RWA के उपाध्यक्ष डॉ सुमित गुप्ता ने बताया कि शाम होते सेक्टर के लोग घर के अंदर और हुड़दंग मचाने वाले मनचले युवक युवतियाँ बहार होते है। श्री गुप्ता ने बताया कि इन रेस्टोरेंट पर अवैध रूप से शराब भी परोसी जाती है। रेस्टोरेंट पर आने वाले लोगों को गाड़ियों में शराब परोसी जाती है। मनचले लोग शराब के नशे में सेक्टर में उत्पात मचाते है। श्री गुप्ता ने बताया कि कुछ लोग बाहर से शराब ख़रीदकर सेक्टर में अपनी गाड़ियों में बैठकर पीते है और चारों तरफ़ गंदगी फैला कर चले जाते है। रोकने या मना करने पर यह दबंग लोग हाथापाई पर उतर आते है। उत्पात मचाने वाले लोग सेक्टरवासियों की परेशानी का सबब बन गये है।





"नोएडा सेक्टर-117 RWA के कोषाध्यक्ष अधिवक्ता अवदेश कुमार पाठक ने बताया कि सेक्टर में आवारा पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। सेक्टरों के अंदर भी दर्जनों की संख्या में जगह-जगह आवारा पशु नजर आते हैं उन्हें देखकर लगता है कि यहां कोई प्राधिकरण कार्य नहीं कर रहा है। सेक्टरवासियों में भय का माहौल है।